दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल
Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
मुख्य सम्पादक – जगजीत सिंह दर्दी    संपादक - डा.के.के.संधू    प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227    वर्ष 8    अंक 165    सोमवार 16 जून, 2025    Monday 16 June , 2025    मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 8    मोब :9416406615,7404278000,9215537704





### एससीओ की बैठक में भाग लेने चीन जा सकते हैं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, 15 जून (निस) देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इस महीने के आखिर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने चीन जा सकते हैं। यह बैठक चीन के क़िंगदाओ में होगी। चीन इस साल एससीओ की मेजबानी कर रहा है और अगले कुछ महीनों में विदेश मंत्रियों की बैठक और शिखर सम्मेलन की ( शेष पृष्ठ दो पर )

# हर नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था - अमित शाह

## आतंकवादियों के मुख्यालयों को कर दिया गया जमींदोज - ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बोले अमित शाह



नई दिल्ली 15 जून (निस): केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार अगले पांच साल में ऐसी व्यवस्था बनाने जा रही है जिससे हर नागरिक को प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के अंदर न्याय मिल सके। शाह ने यह भी दावा किया कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस में 60,244 नवनियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर अपने संबोधन में कहा, ''भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, यह तीनों कानून.... मैं आज आप सबके सामने बोलकर जा रहा हूं कि पांच साल के अंदर देश में ऐसी व्यवस्था बन जाएगी कि कोई भी प्राथमिकी दर्ज हुई तो नागरिक को उच्चतम न्यायालय तक तीन साल के अंदर न्याय मिल जाएगा। उन्होंने कहा,''सीसीटीएनएस, आईसीजेएस और फॉरेंसिक साइंस की सारी सुविधाओं और तकनीक के आधार पर न्याय को आगे बढ़ाने की व्यवस्था करनी है।%% शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल के कार्यकाल में देश सुरक्षित हुआ है। उन्होंने कहा, ''सबसे बड़ी बात है कि मोदी जी के 11 साल में देश सुरक्षित हुआ है। देश के 11 राज्यों में नक्सलवाद हुआ करता था। अब 11 सालों में 11 राज्यों में से नक्सलवाद तीन जिलों में बचा है.... और मेरी बात याद रखना, 31 मार्च 2026 को यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तान और उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को करारा जवाब दिये जाने का जिक्र करते हुए कहा,''कांग्रेस के शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे। अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, जयपुर, कोयंबटूर और कश्मीर की तो बात ही छोड़ दें। मोदी जी के शासन में पाकिस्तान ने जब उरी में हमले का प्रयास किया तो हमने सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा में किया तो हमने एयर स्ट्राइक की और पहलगाम में किया तो ( शेष पृष्ठ दो पर )

# केदारनाथ के समीप हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित सात यात्रियों की मौत, सीएम धामी ने जताया दुख

## हादसे की जांच के आदेश, लगातार बढ़ रहे हादसे पर जतायी चिंता, ममता ने भी संवेदना जताई



देहरादून, 15 जून (निस) केदारनाथ के पास रविवार सुबह एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर ने रविवार सुबह 5.24 मिनट पर केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट समेत 6 लोग सवार थे। हादसे में सभी लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अभी तक की जानकारी के मुताबिक हादसे की वजह खराब मौसम बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर रवाना कर दी गई हैं। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताया है। जानकारी के मुताबिक, यह हेलिकॉप्टर आज सुबह केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के पास लापता हो गया था। बता दें कि बीते मई से अब तक उत्तराखंड में हेलिकॉप्टर क्रैश होने की यह चौथी घटना है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, जनपद रुद्रप्रयाग में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य रेस्क्यू दल राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं।बाबा केदार से सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार को एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई।रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यह दुर्घटना गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुई। इस दुर्घटना में मरने वालों में पायलट और एक शिशु भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मृतकों में कैप्टन राजबीर सिंह चौहान - पायलट (जयपुर), विक्रम रावत, बीकेटीसी निवासी रासी ऊखीमठ, विनोद देवी (उम्र 66) निवासी उत्तर प्रदेश,तृष्टि सिंह (उम्र 19) उत्तर प्रदेश, राजकुमार सुरेश जायसवाल (उम्र 41) निवासी गुजरात, श्रद्धा राजकुमार जायसवाल, निवासी महाराष्ट्र, काशी (उम्र 02 साल) निवासी महाराष्ट्रशामिल( शेष पृष्ठ दो पर )

### मथुरा में बड़ा हादसा: खुदाई के दौरान 6 मकान ढहे, 3 की मौत

मथुरा, 15 जून (निस) उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गोविंद नगर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी के टीले पर बने छह कच्चे मकान अचानक भरभराकर गिर पड़े, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग मलबे में दबे हुए हैं।जानकारी अनुसार एक खुली जमीन (बाड़े) में जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था, तभी टीले की मिट्टी धंस गई और उस पर बने सभी मकान एक के बाद एक करके गिरते चले गए। इससे पहले एक मकान गिरने की खबर आई थी, जिसके कुछ देर बाद ही बताया गया कि छह मकान ( शेष पृष्ठ दो पर )

# पूर्व सीएम विजय रुपाणी के शव का डीएनए टैस्ट मिला, आज होगा अंतिम संस्कार, कुल 44 शव परिजनों को सौंपे



अहमदाबाद 15 जून (निस) गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का सोमवार को उनके गृह नगर राजकोट में अंतिम संस्कार होगा7 आज शाम तक उनका पार्थिव देह राजकोट ले जाया जाएगा7 रूपाणी परिवार भी आज शाम तक गांधीनगर से राजकोट पहुंच जाएगा7 बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में विजय रूपाणी का निधन हो गया था7 अब तक विजय रूपाणी के डीएनए के मिलान का इंतजार किया जा रहा था। बाद में राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि उनका डीएनए मिलान हो गया है। सुबह 11=10 बजे डीएनए सैंपल का मिलान हुआ। अब उनका पार्थिव शरीर आज शाम तक राजकोट ले जाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पार्थिव शरीर को राजकोट स्थित विजय रूपाणी के आवास प्रकाश सोसायटी ले जाया जाएगा, जहां अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रकाश सोसायटी से रामनाथपारा श्मशान घाट तक अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार रामनाथ श्मशान घाट पर किया जाएगा। अंतिम संस्कार मार्ग को लेकर राजकोट पुलिस कमिश्नर की अधिसूचना के मुताबिक अंतिम संस्कार यात्रा से 1 घंटे पहले मार्ग पर वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रकाश सोसायटी से रामनाथ परा तक का मार्ग वाहनों के लिए बंद रहेगा। विमान हादसा: एयर इंडिया ने किया 25 लाख की सहायता राशि का ऐलान- अहमदाबाद विमान हादसे के बाद एयर इंडिया ने पीड़ित परिवारों के लिए 25 लाख रुपए की अंतरिम राहत राशि देने की घोषणा की है। हादसे में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों के परिजनों को यह सहायता दी जाएगी। साथ ही, इकलौते बचे यात्री को भी विशेष सहायता दी जाएगी। एयर इंडिया ने यह घोषणा शनिवार को की, जिसमें कंपनी ने कहा कि( शेष पृष्ठ दो पर )

# दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी,गर्मजोशी से हुआ स्वागत



नई दिल्ली 15 जून (निस) :प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे, जहां वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बातचीत करेंगे। मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में यहां पहुंचे, जहां वह कनाडा और क्रोएशिया भी जाएंगे। यह दो दशकों से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि साइप्रस पहुँच गया हूँ। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति श्री निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति( शेष पृष्ठ दो पर )

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लद्दाख में महिला उद्यमियों के साथ की मुलाकात



लद्दाख 15 जून (निस): वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी और स्थानीय उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अपने स्टॉल पर पारंपरिक शिल्प और हथकरघा वस्त्र का प्रदर्शन किया।

**वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की**

वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका के बारे में बताया। यह पहल महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए केंद्र की समावेशी विकास नीति का हिस्सा है। **वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल के पार्षदों और**( शेष पृष्ठ दो पर )

### शव ले जा रही एम्बुलेंस और पिकअप में भिड़ंत, पांच की मौत, एक गंभीर




अमेठी 15 जून (निस): यूपी के अमेठी जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस और पिकअप गाड़ी आमने-सामने टकरा गई। इस हादसे में एम्बुलेंस में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन के पास हुआ। जहां एम्बुलेंस लखनऊ से एक शव को लेकर गाजीपुर की जा रही थी। उसी दौरान सामने से आ रही पिकअप गाड़ी से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती( शेष पृष्ठ दो पर )

# ज़हरीली शराब से लोग मर रहे हैं लेकिन... पंजाब में केजरीवाल पर बरसी रेखा गुप्ता



लुधियाना 15 जून (निस) :लुधियाना में उपचुनाव के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वहां प्रचार के लिए पहुंची हैं। रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ज़हरीली शराब से लोग मर रहे हैं लेकिन आप (अरविंद केजरीवाल) क्या कर रहे हैं? आप बिल्डर माफ़िया के साथ मिलकर ग़रीब किसानों की ज़मीन हड़प रहे हैं। दिल्ली की जनता जिसने आपको (अरविंद केजरीवाल) इतना समर्थन दिया था, वो आपसे थोड़ा नाराज़ हो गई और आप पंजाब में आकर बैठ गए। रेखा गुप्ता ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने राज्य सरकार को खोखला कर दिया है... आज आपने (केजरीवाल) अपनी गलत नीतियों के कारण इसे 4 लाख करोड़ के क़र्ज़ तले दबा दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों( शेष पृष्ठ दो पर )

# प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए योग मैराथन बनी एक संकल्प यात्रा- नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को दिखाई हरी झंडी,मुख्यमंत्री ने खुद धावकों पर की पुष्प वर्षा






चंडीगढ़, 15 जून (अमृतपाल सिंह) मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। इस संकल्प यात्रा में हजारों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जोश और खरोस के साथ दौड़ लगाकर एक नए आयाम को स्थापित किया है। इस सरकार ने भी संकल्प लेकर राष्ट्र की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने रूपी कर्म को ठाना है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पहले चलाए गए अभियान में अब तक प्रदेश के 19.27 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर के दक्षिण गेट पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा और महानिदेशक श्री संजीव वर्मा ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं योग मैराथन के धावकों पर पुष्प वर्षा भी की। उन्होंने इस मैराथन में महिलाओं और पुरुष वर्ग के विजेता 20 धावकों को( शेष पृष्ठ दो पर )

### ईरान में भारतीय नागरिकों को सलाह-घबराएं नहीं, सतर्क रहें

# ट्रम्प की चेतावनी-अमेरिका को छेड़ा तो ईरान भुगतेगा भयानक नतीजे, दुनिया देखेगी तबाही



तेहरान 15 जून (निस) ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते युद्ध के बीच, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका का ईरान पर हुए हालिया हमलों से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन अगर ईरान ने अमेरिकी हितों पर हमला किया तो अमेरिका की पूरी सैन्य ताकत से जवाब मिलेगा, और ऐसा तबाही का मंजर सामने आएगा जो दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा।यह बयान ट्रंप ने शनिवार रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान और इज़राइल के बीच इस खूनी संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल नहीं है, लेकिन अगर अमेरिका को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई तो यह चुप नहीं बैठेगा। **ट्रंप का बड़ा बयान- हमला हुआ तो तबाही तय** - ट्रंप ने कहा- ईरान पर हुए हमले में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। लेकिन अगर ईरान की तरफ से अमेरिका पर किसी भी तरह का हमला होता है तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से जवाब देंगे। और वो नतीजा ईरान ने पहले कभी नहीं देखा होगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इजराइल ने ईरान के कई परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला किया है, जिनमें कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक मारे गए हैं। जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर 150 से अधिक मिसाइलें दागी हैं, जिससे दोनों देशों के बीच खुला युद्ध छिड़ गया है।अब अमेरिका की स्थिति पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं-क्या वह इजराइल का समर्थन करेगा, या युद्ध से अलग रहेगा?ट्रंप ने किया मध्यस्थता का प्रस्ताव-हालांकि ट्रंप ने साथ में यह भी कहा कि-अगर हमें मौका मिले, तो हम ईरान और इजराइल के बीच शांतिपूर्ण समझौता करवा सकते हैं। हम इस खूनी संघर्ष को खत्म करना चाहते हैं।यह बयान दर्शाता है कि ट्रंप संघर्ष में सीधा हस्तक्षेप नहीं चाहते, लेकिन सुरक्षा के नाम पर कठोर कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे।अमेरिका की भूमिका और खतरे की आशंका-ईरान ने पहले ही अमेरिका और ब्रिटेन को चेताया है कि अगर उन्होंने इजराइल का साथ दिया तो उनके सैन्य ठिकानों को( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### केदारनाथ के समीप हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित...

है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं नोडल हेलिकॉप्टर सेवा राहुल चौबे ने बताया कि आज सुबह एक हेलिकॉप्टर मिसिंग की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलते ही इसकी जांच एवं खोजबीन की गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आर्यन एविएशन का एक हेलिकॉप्टर केदारनाथ धाम से यात्रियों को वापस अपने गुप्तकाशी बेस पर ला रहा था, घाटी में अचानक मौसम खराब हो गया। पायलट ने हेलिकॉप्टर को घाटी से बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर में पायलट के अलावा पांच यात्री एवं एक शिशु भी सवार था। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस बल सहित सभी रेस्क्यू टीमें स्थानीय लोगों के सहयोग से खोज एवं रेस्क्यू कार्य में जुटे हुए हैं, पूरे मामले में जल्द अपडेट दिया जाएगा।

**केदारनाथ मंदिर के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे पर सीएम ममता ने जताया दुख**

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि वह उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास हुए हेलीकॉप्टर हादसे से व्यथित हैं। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि हादसे में हेलीकॉप्टर चालक, बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के एक कर्मचारी और 5 तीर्थयात्रियों समेत सात लोगों की मौत हो गई। ममता ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज सुबह एक और नागरिक विमानन हादसे की दुखद खबर आई है और इस बार उत्तराखंड के केदारनाथ-गौरीकुंड-गुप्तकाशी क्षेत्र से। हेलीकॉप्टर में एक बच्चे और चालक समेत कुल सात लोग सवार थे।उन्होंने लिखा कि हम बचाव और खोज अभियान का परिणाम सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। मेरी प्रार्थनाएं हर व्यक्ति के साथ हैं। अधिकारियों के मुताबिक हेलीकॉप्टर सुबह करीब साढ़े पांच बजे केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए रवाना हुआ था और थोड़ी ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे का स्थल गौरीकुंड से करीब 5 किलोमीटर ऊपर 'गौरी माई खरक' के पास बताया गया है।

### पूर्व सीएम विजय रुपाणी के शव का डीएनए टैस्ट...

यह मदद टाटा संस द्वारा पहले घोषित 1 करोड़ रुपए की सहायता के अतिरिक्त है।एयर इंडिया ने अपने बयान में कहा कि हम इस त्रासदी से आहत हैं। जान गंवाने वाले यात्रियों और उनके परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। हमारी टीम लगातार मौके पर मौजूद है और हर संभव मदद के लिए तत्पर है। यह राहत राशि सिर्फ एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक एकजुटता का प्रतीक है। एयर इंडिया ने इस हादसे के बाद फ्लाइट नंबर एआई 171 को हमेशा के लिए रिटायर कर दिया है। यात्रियों या उनके परिजनों को कोई जानकारी चाहिए तो विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, जिन पर कॉल करके वे जानकारी हासिल कर सकते हैं।मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के मुताबिक इस हादसे में 241 लोगों की जान गई, जबकि सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। विमान के क्रैश होने की प्राथमिक वजह तकनीकी खराबी और मौसम का खराब होना माना जा रहा है, लेकिन पुख्ता जानकारी जांच के बाद सामने आएगी। इस हादसे की गंभीरता को देखते हुए, केंद्र सरकार ने एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। यह कमेटी हादसे की मुख्य वजहों की गहराई से जांच करेगी।

### दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे प्रधानमंत्री

... क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। साइप्रस से वे कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कनानास्किस जाएंगे। जी7 शिखर सम्मेलन के बाद मोदी क्रोएशिया जाएंगे और राष्ट्रपति ज़ोरान मिलनोविक तथा प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ बैठक करेंगे।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।

**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।

सभी सेवाएं निशुल्क है।

**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें। कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।

**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



**कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )**

**PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227**


### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लद्दाख में महिला ...

**लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी**

वित्त मंत्री लद्दाख के चार दिवसीय दौरे पर हैं। वह क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में क्रेडिट की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए एक क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएएचडीसी) के पार्षदों और लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी। वह अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगी।

**गरीबों के लिए पीएम मुद्रा योजना के तहत 32.61 लाख करोड़ रुपए के 52 करोड़ से अधिक लोन स्वीकृत किए गए हैं**

मोदी सरकार ने प्रमुख डीएवाई-एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन योजना के तहत वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 90.76 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में 10.04 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित करने में सफलता प्राप्त की है। गरीबों के लिए पीएम मुद्रा योजना के तहत 32.61 लाख करोड़ रुपए के 52 करोड़ से अधिक लोन स्वीकृत किए गए हैं। 2025 में इस योजना को 10 वर्ष पूरे हुए हैं। इस योजना ने छोटे शहरों और गांवों में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है, क्योंकि लगभग 70 प्रतिशत मुद्रा लोन महिला उद्यमियों द्वारा लिए गए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है और लैंगिक समानता में योगदान मिला है।

### शव ले जा रही एम्बुलेंस और पिकअप में ...

कराया है। इस भीषण हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। सीएम ने घायल के बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे यह हादसा हुआ।

### ज़हरीली शराब से लोग मर रहे हैं लेकिन... पंजाब में ...

में शामिल हैं। मंगलवार शाम को पार्टी द्वारा जारी की गई सूची में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, पंजाब पार्टी प्रमुख सुनील जाखड़, मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पूर्व मंत्री हरदीप सिंह पुरी, अनुराग ठाकुर और विजय सांपला तथा गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के नाम भी शामिल हैं। सूची में शामिल भाजपा के दिल्ली कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने हाल ही में लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रचार किया है।

### हर नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की ...

ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवादियों के मुख्यालय को चूर-चूर कर दिया। उन्होंने कहा,''नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में एक संदेश भेजा है कि भारतीयों का खून जमीन पर बहाने के लिए नहीं है और जो भी यह हिमाकत करेगा उसको दंड दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर ने एक सख्त संदेश पूरी दुनिया को भेजने का काम किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा,''हमारी सेना के वीर जवानों की सटीक मारक क्षमता ने जहां आतंकवादी बैठकर गरजते थे, इंटरव्यू देते थे, बयान देते थे उन्हीं अड्डों को जमींदोज कर दिये। अब उनके रोते हुए इंटरव्यू आ रहे हैं। यह सशक्त भारत का एक नया युग शुरू हुआ है।शाह ने नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को कहा,''आपका डर गुंडागर्दी करने वालों और माफिया पर सख्त से सख्त होना चाहिए और गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासियों को आप में मसीहा दिखाई पड़ना चाहिए। इस तरह से उत्तर प्रदेश के माध्यम से आप देश की सेवा करेंगे, इसका मुझे भरोसा है।इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक ने 15 नवचयनित पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण किये।

### मथुरा में बड़ा हादसा: खुदाई के दौरान ...

ढह गए हैं। घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला और कई मकानों के लोग मलबे में दब गए। ढहे मकानों के मलबे से अब तक तीन शव निकाले जा चुके हैं, जिनकी पहचान, तोताराम (38), यशोदा (6 वर्ष) और काव्या (3 वर्ष) यशोदा की छोटी बहन के तौर पर हुई है। इसके अलावा चार लोगों को जीवित हालत में बाहर निकाला गया है, जबकि 10 से 12 लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

### एससीओ की बैठक में भाग लेने चीन जा सकते

... मेज़बानी भी करेगा। एससीओ 10 देशों चीन, रूस, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकि स्तान, उज्बेकिस्तान, भारत, पाकिस्तान, ईरान और बेलारूस का एक प्रमुख समूह है जो आतंक वादरोधी, कनेक्टिविटी आदि जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह यात्रा चीन में पहली भारतीय मंत्रिस्तरीय वार्ता होगी, क्योंकि दोनों देशों ने अक्टूबर 2024 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त फिर से शुरू करने और सैनिकों को वापस बुलाने के लिए समझौता किया था।

### ट्रम्प की चेतावनी-अमेरिका को छेड़ा तो ईरान

... भी निशाना बनाया जाएगा। मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पहले भी ईरान समर्थित समूहों के हमले हो चुके हैं। इस बीच अमेरिका में चुनावी माहौल भी गर्म है, और ट्रंप 2024 चुनाव के प्रमुख रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं। उनका बयान राष्ट्रवादी और आक्रामक छवि को मजबूत करता है।

**भारत ने ईरान में फंसे अपने नागरिकों को किया अलर्ट** - ईरान में रह रहे भारतीयों के लिए रविवार को जारी परामर्श में कहा गया है कि वे घबराएं नहीं, सावधानी बरतें और इजराइल द्वारा हमले के बाद देश में व्याप्त स्थिति के मद्देनजर तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें। भारतीय दूतावास द्वारा जारी परामर्श में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से सतर्क रहने, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचने, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखने और स्थानीय अधिकारियों की ओर से दी गई सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है।दूतावास ने अपने 'एक्स अकाउंट पर एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया तथा भारतीय नागरिकों से इसे भरकर अपना विवरण देने को कहा है। इसमें कहा गया, ''कृपया याद रखें, घबराने की जरूरत नहीं है, सावधानी बरतें और तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क बनाए रखें। तेहरान स्थित भारतीय मिशन ने एक टेलीग्राम लिंक भी उपलब्ध कराया तथा भारतीय नागरिकों से मिशन से हालात पर अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए इससे जुड़े को कहा। दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लिखा, ''कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है जो वर्तमान में ईरान में हैं।भारतीय दूतावास ने आपात स्थिति के लिए कुछ हैल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। इजराइल ने शुक्रवार तड़के ईरान पर हमला कर उसके परमाणु, मिसाइल और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। बाद में, ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमले किए। इजराइल ने और भी जोरदार हमला करने की धमकी दी है। वहीं, ईरान की कुछ मिसाइलें इजराइल की हवाई सुरक्षा प्रणाली को भेदकर रिहायशी इमारतों पर गिरी हैं।

# राधा स्वामी ब्यास प्रमुख द्वारा बंदी सिखों की रिहाई के लिए की गई वकालत सराहनीय : जत्थेदार दादूवाल

*केंद्र सरकार जल्द ले फैसला*





**करनाल, 15 जून ( संदीप रोहिला ):** हाल ही में डेरा राधा स्वामी प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने सचखंड दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब और श्री अकाल तख्त साहिब में माथा टेकते हुए मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि बंदी सिखों को अब रिहा किया जाना चाहिए और वह समय-समय पर केंद्र से इसकी मांग करते रहे हैं, जिसका सिख जगत में स्वागत हो रहा है। इस संदर्भ में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने बंदी सिखों की रिहाई के लिए डेरा प्रमुख के इस बयान की सराहना की है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बाबा गुरिंदर सिंह व अन्य ने पहले भी केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर जेल में बंद सिखों की रिहाई का मुद्दा उठाया था, जिसके बाद उन्होंने भाई गुरदीप सिंह खेड़ा, भाई लाल सिंह, भाई नंद सिंह, सुबेग सिंह व अन्य की पैरोल व रिहाई में योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि डेरा प्रमुख की इस पहल से जेल में बंद सिखों का मुद्दा केंद्र को सुलझाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सरबत खालसा द्वारा नियुक्त अकाल तख्त के जत्थेदार भाई जगतार सिंह हवारा को अकाल तख्त का जत्थेदार नियुक्त करती है तो उनका भी स्वागत किया जाएगा।

# पंचकूला के क्लब करीब एक साल के बाद खुले...



**पंचकुला, 15 जून ( सतीश मंगला ):** करीब एक साल से ज्यादा समय के बाद शुक्रवार को पंचकूला के सभी क्लब खुल गए। और पहले ही दिन पंचकूला के ज्यादा क्लब रात 1 बजे फूल हो गये। काफी क्लब के बाहर सोल्ड आउट के बोर्ड तक लगा दिए गए। पूरे ट्राइसिटी के युवा युवतियां के रश से पंचकूला के सेक्टर 5 में जाम की स्थिति न पैदा हो। जिसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने पंचकूला के काफी सेक्टरों में नाके बंदी की हुई थी। एसीपी सुरिंदर डोडी व एसएचओ सेक्टर 5 रूपेश चौधरी व सेक्टर 10 चौन्की इंचार्ज गुरपाल सिंह खुद सभी क्लब की चेकिंग करते दिखे। एसीपी सुरिंदर डुडी ने सेक्टर 5 के मोब क्लब, बुरेगा, तहिती, आर्मीनिया, मकाबी, रोजाना, पर्पल फ्रॉग, कोकून व डिरोमा क्लब की चैकिंग की गई। सभी क्लब के मालिकों मैनेजर और बाउंसरो को एसीपी सुरिंदर डुडी ने सख्त हिदायत दी कि आपके क्लब में किसी तरह का हुके का सेवन हुआ तो आप लोगो के ऊपर सख्त से सख्त करवाई होगी। एसीपी को क्लब के सभी मैनजरों और मालिको ने पूरा भरोसा आश्वासन दिलाया कि हमारी तरफ से कानून की पूरी तरह से पालना होगी। और सभी तरह के नियम का पालन किया जाएगा। साथ ही एसीपी सुरेन्द्र डुडी ने कहा कि अब संदिग्ध और आपराधिक तत्वों की खैर नहीं। पुलिस और क्लब संचालक मिलकर ऐसे लोगों की पहचान कर एक संयुक्त अभियान चलाएंगे। हर संदिग्ध की सूची तैयार की जाएगी और ठोस रणनीति के साथ उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। एसीपी ने बाउंसरों को कहा गया कि उनकी किसी प्रकार की शिकायत नही आनी चाहिए। हर किसी युवा और युवती के साथ ठीक से पेश आये। किसी प्रकार का झगड़ा न करें। किसी भी बाउंसर की शिकायत मिली तो तुरंत करवाई की जाएगी। करीब 3 से 4 किलोमीटर तक पैदल ही चेकिंग करते रहे और मोबाइल पर चैट चलती रही बाबा जी राउंड पर है। करीब रात 12.30 बजे जैसे ही एसीपी सुरिंदर डोडी सेक्टर 5 के क्लब के बाहर चेकिंग करने पहुचे। तो एसीपी सुरिंदर डोडी ने अपनी गाड़ी की लाल बतिया बंद करवा दी। और पैदल चलते हुए सभी क्लब की चेकिंग करने निकल पड़े। पहले सेक्टर 5 के बुरेगा फिर आर्मीनिया, उसके बाद पैदल ही मोब तो उसके बाद डिरोमा से होते हुए तहिती गए।

# दिव्यांग युवक के खाते से 1.07 लाख की साइबर ठगी, आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



**रायपुररानी, 15 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** पंचकूला पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दिव्यांग युवक के बैंक खाते से 1.07 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई साइबर क्राइम थाना सेक्टर-20 की टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, रामगढ़ निवासी महबूब खान ने 13 जून को थाना में शिकायत दी थी कि 19 अप्रैल को उनका मोबाइल फोन गुम हो गया था, जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी और नई सिम कार्ड जारी करवा ली। बाद में जब उन्होंने अपने बैंक खाते की जांच की तो पाया कि उनके खाते से 1,07,800 रुपये की राशि यूपीआई के माध्यम से अवैध रूप से निकाली जा चुकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी की पहचान राहुल पुत्र रामबाबू निवासी रामगढ़ के रूप में की, जिसे 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता का मोबाइल चोरी किया था और उसमें एक्टिव यूपीआई ऐप्स का दुरुपयोग करते हुए बैंक खाते से राशि ट्रांसफर कर ली। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्जकर उसे 15 जून को अदालत में पेश किया गया, जहां से आरोपी को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान चोरी हुआ मोबाइल फोन और ठगी की गई राशि की बरामदगी का प्रयास किया जाएगा। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि आरोपी पहले किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा है या किसी साइबर ठगी गिरोह से उसका संबंध है।पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम या चोरी होने की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, साथ ही अपने बैंक खातों व डिजिटल ऐप्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दो-स्तरीय सत्यापन, मजबूत पासवर्ड और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखें।

# आर्टशाला की ओर से समर कैंप का किया गया आयोजन




**कालका, 15 जून ( अख्तर फारूकी/अजीत सिंह ):** प्रसिद्ध कलाकार शिल्पी के रचनात्मक केंद्र आर्टशाला ने 9 जून मेन बाजार, कालका में आर्टशाला (निधि और नीरू ट्यूटोरियल्स) में अपनी आर्ट एकेडमी की दूसरी शाखा सफलतापूर्वक खोली है।आर्टिस्ट शिल्पी ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने कालका में आर्टशाला का आयोजन किया है जिसके अंदर आर्ट एकेडमी खोली है। आर्ट एकेडमी की शुरुआत समर कैंप से 9 जून को की गई। इसमें बच्चों के लिये बहुत सारे प्रोग्राम्स थे। जिसमें जुम्बा था,डांस,म्यूजिक,थिएटर ,आर्ट एंड क्राफ्ट में कई ऐक्टिविटी थी जैसे लिपन आर्ट ,एब्सट्रेक्ट आर्ट आदि। समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट भी दिए गए । यह समर कैम्प 9 जून से 16 जून तक आयोजित किया गया। शिल्पी ने बताया कि निधी और नीरू ट्यूटोरियल मेन बाजार कालका के साथ आगे आर्ट की क्लासेज भी शुरू करेंगे। यह कालका शहर में बच्चों के लिये नया स्कोप है। इस फील्ड में आगे बढ़ सकते हैं।उन्होंने बताया कि उनके बहुत बच्चों ने आर्ट,एन एन आई टी , डिजाइनिंग आदि में बहुत सारे पेपर क्लियर करे है। यह सारी कोचिंग भी एकेडमी में शुरू करेंगे। जो भी आर्ट सीखना चाहते है,डिजाइनिंग में, आर्किटेक्टर आदि में पेपर क्लियर करने चाहते है तो वह यहां आकर कोचिंग ले सकते हैं। शिल्पी ने कहा आर्टशाला परिवार से जुड़ें। हमें कालका के शैक्षणिक परिदृश्य का हिस्सा बनने पर गर्व है। अपने कलात्मक पक्ष को तलाशने के लिए हमसे जुड़ें, और आइए हमारे समुदाय में रचनात्मकता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करें।

### प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए योग मैराथन बनी एक संकल्प ...

पुरस्कार के रूप में 3 लाख 46 हजार रुपये के नकद पुरस्कार भी वितरित किये। इस योग मैराथन में प्रथम आने वाले गौरव और सोनीपत की मोनिका को 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशे के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया। इस मैराथन ने योग, खेल, संस्कृति और पर्यावरण चेतना को एक नई उंचाई दी है।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को पवित्र स्थल ब्रह्मसरोवर के तट पर योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ योग करने का सौभाग्य मिलेगा जिसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करवाए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से 6 दिन पहले आज योग मैराथन का आयोजन किया गया है, जिसमें करीब 20 हजार से भी अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन एक घंटा अपने शरीर के लिए अवश्य निकालना चाहिए, जो व्यक्ति हृष्ट पुष्ट होगा वह नई ऊर्जा के साथ काम करेगा। इससे काम की गति बढ़ेगी। योग को हमें अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

**नशा राष्ट्र के विकास में उत्पन्न करता है बाधा** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की वन अर्थ वन हेल्थ थीम निर्धारित की गई है, जिसको आगे बढ़ते हुए हमने प्रदेश में योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा जोड़कर इसे और प्रभावी बनाने का काम किया है। इस थीम पर चलते हुए सभी नागरिक अपने आप को नशे से बचाएं। साथ ही प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाना है। नशा एक कुरीति है, जो किसी भी राष्ट्र के विकास में बाधा उत्पन्न करती हैं। उन्होंने कहा कि हमने यह अभियान चलाया है, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों द्वारा दी गई प्राचीन पद्धति है। इस उपहार को हमें सहेज कर रखने की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया विजन के लिए बेहतर स्वास्थ्य पर बहुत बल दिया है।

**योग अभियान स्वास्थ्य, फिटनेस और हरित क्रांति का बना स्वरूप** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह योग अभियान केवल स्वास्थ्य और फिटनेस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हरियाणा की धरती पर हरित क्रांति का स्वरूप बनता जा रहा है। इस महा अभियान में अब तक 67,508 पौधे लगाए जा चुके हैं, जो पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 9.90 लाख लोग डिजिटल रूप से जुड़े हैं। आयुष विभाग के 38 हजार और खेल विभाग के माध्यम से 1.38 लाख लोगों की सहभागिता हुई है।

**21 जून को 2500 स्थानों पर विभिन्न संस्थाएं लगाएंगी योग शिविर** - मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग जागरण यात्रा 19 जून तक प्रदेश के 5 हजार गांवों तक पहुंचकर लोगों को योग के प्रति जागरूक करेगी। पतंजलि योग पीठ, भारतीय योग संस्थान, ब्रह्मकुमारी और आर्ट ऑफ लिविंग जैंसी संस्थाएं 21 जून को प्रदेश में 2500 स्थानों पर योग शिविर आयोजित कर रही हैं। हरित योग अभियान के तहत 21 जून तक 10 लाख औषधीय पौधे बांटे और लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब कार्यालय में 5 मिनट का वाई-ब्रेक भी शुरू किया गया है ताकि कर्मचारी तनाव मुक्त रहें। महानिदेशक श्री संजीव वर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए राज्य स्तरीय योग मैराथन के साथ-साथ खेल विभाग की तमाम उपलब्धियों और सरकार की तरफ से खिलाडि़यों के लिए तैयार की जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला।इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, नगर परिषद चेयरपर्सन माफी ढांडा, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# अर्श गांधी के ऑल इंडिया रेंक-11 और स्टेट रेंक-1 ने साबित की जेनिसिस की श्रेष्ठता

# जेनिसिस क्लासिस का धमाका – नीट 2025 में फिर रचा इतिहास!



**करनाल, 15 जून ( संदीप रोहिला ):** मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा नीट का परिणाम घोषित होने के साथ ही करनाल में खुशी की लहर दोड़ गई। जेनिसिस ने एक बार फिर साबित किया कि मेहनत, मार्गदर्शन और टीमवर्क से हर मंजिल पाई जा सकती है। जिसमें अर्श गांधी ने 674 अंक हासिल कर पूरे हरियाणा में टॉप कर रेंक 1 प्राप्त की! जेनेसिस के सात बच्चों ने 600 से अधिक अंक प्राप्त किए, 84 बच्चों ने 525 से अधिक अंक प्राप्त कर जेनिसिस व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस खुशी को जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र सिंह अहलावत तथा नवनीत कल्हण ने विद्यार्थियों की मेहनत और जेनिसिस स्टॉफ की लग्न और सतत मार्गदर्शन को समर्पित किया। वहीं अभिभावकों ने कहा कि जेनिसिस का जवाब नहीं। वहीं बच्चों ने कहा कि इस सफलता के असली हकदार जेनिसिस क्लासिस के टीचर्स और स्टॉफ है। जिन्होंने कभी मायूस नहीं होने दिया। सफल विद्यार्थियों की कतार में ऐसे विद्यार्थी भी थे। जिन्होंने ने एक बार नहीं तीन-तीन बार विफलता के बाद भी निराशा नहीं फटकने दी, सफलता अर्जित की। उन्होंने कहा कि बच्चे निराश नहीं हों। पिछले 16 साल पहले जेनिसिस ही नहीं करनाल और हरियाणा में गिनती के बच्चें मेडिकल कॉलेज और इंजीनियिर कॉलेजों में प्रवेश ले पाते थे। 16 साल पहले जो सपना जेनिसिस क्लासिस के संस्थापक जितेंद्र अहलावत और नवनीत कल्हण ने करनाल ही नहीं उत्तर भारत के लोगों को दिखाया था। आज जेनिसिस क्लासिस के बच्चों को एम्स, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, प्रतिष्ठित और सरकारी इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश का प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया। जो देश ही नहीं उत्तर भारत में एक रिकॉर्ड है। जानकारी देते हुए जेनिसिस क्लासिस के संस्थापक जितेंद्र अहलावत तथा नवनीत कल्हण ने बताया कि उन्होंने हौसले और मेहनत के साथ बच्चों के लेकर 16 साल पहले सफर शुरू किया था। जो बच्चों की मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और करनाल ही नहीं उत्तर भारत के लोगों का भरोसा कारण बना। एक सफल और क्वालिटी वाईज विद्यार्थियों के कारवां। जेनिसिस क्लासिस के बच्चें आज दुनिया में देश ही नहीं विदेश में भी कार्यरत है। आज यहां के बच्चें मल्टीनेशनल कम्पनियों में करोड़ों का पैकेज ले रहे है। वहीं यहां के विद्यार्थी जो मेडिकल कॉलेजों में सलेक्ट हुए वह भी आज देश-विदेश में सफलता का इतिहास रच रहें हैं।

## श्री राम मंदिर सेक्टर आठ के शिवालय में हुआ शिव स्तुति का पाठ

*श्रद्धालुओं ने लगाए हर-हर महादेव के जयकारे*

**करनाल, 15 जून ( सोनी दुआ ):** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ के शिवालय में शिव स्तुति का पाठ किया गया। हर हर महादेव के जयकारे



लगाते श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से पंचामृत स्नान करवाया। सामुहिक तौर पर ऊँ नमः शिवाय का जाप किया गया। भोलेनाथ का श्रृंगार फूलों से किया गया। इसके बाद बेलपत्र, वस्त्र, मंजरी तुलसी व फल अर्पित किए गए। आचार्य हरीश शास्त्री ने विधिपूर्वक पूजा अर्चना करवाई। सुशील मदान ने तेरा सहारा तेरा भरोसा भोले बाबा का है, तू रख जिस हाल में तेरा शुक्र करूं भजन गाया। अनु खट्टर ने चंगा लगदा नहीं जग विच वसना गुरुजी तेरे कोल बसा गुरुजी तेरे कोल बस ना भजन गाया। अंजु बाला ने हे भोले भंडारी तेरे प्यार के सदके कैलाश में रहने वाले भोले तेरे प्यार के सदके भजन गाया। सुशील सेतिया ने राम स्तुति एवं रुद्राष्टक गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। सायंकाल में महिला सत्संग मंडल द्वारा श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक मदान, वेद दुआ, सर्वेश, मीनाक्षी, रोहित, भोला, सुनैना, संतोष, तरसेम गुप्ता, अनिल छाबड़ा, साई दास अरोड़ा, रविंद्र बत्रा, सुषमा धमीजा, रविंद्र तनेजा, शाम धमीजा व पवन धमीजा आदि मौजूद रहे।

## शांति नगर कुटिया में धूमधाम से मनाया गया दीक्षा दिवस

**हिसार, 15 जून ( मनमोहन शर्मा ):** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्म ज्ञान



मंदिर, शांति नगर के तत्वाधान में मंदिर प्रांगण में आज प्रातः ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज का दीक्षा दिवस समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। अशोक वाटिका के रुप में दरबार सजाया गया। पाठ की समाप्ति पर अनेक भजन गायकों ने भजनों की वर्षा करके समां बांध दिया। इस अवसर पर संत रामानंद सहित अन्य संतों ने अपने आर्शीवचन दिए। इस दौरान संत मंडली ने केक भी काटा। समारोह में उपस्थित भक्तों ने संत उपरामानंद महाराज को याद करते हुए उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने के अपने संकल्प को दोहराया। समाजसेवी डॉ. तिलकराज ढींगड़ा व सुमन ने सभी संत मंडली का सम्मान किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर भंडारा चलाया गया। नगर के सैंकड़ों गणमान्य लोगों ने समारोह में भाग लिया।

# शीशगंज गुरुद्वारे की बढ़ेगी शोभा, सुशोभित करने वाली सुंदर बनेगी दर्शनी ड्योढ़ी

**सिख गुरुद्वरा मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर बोली : यहां रखा गया था श्री गुरुतेग बहादुर जी का शीश, उमड़ती हैं भीड़**



**तरावड़ी, 15 जून ( छाया शर्मा ):** तरावड़ी शहर के ऐतिहासिक शीशगंज गुरूद्वारे की शोभा ओर बढ़ेगी। यहां सुशोभित करने वाली सुंदर दर्शनी ड्योढ़ी बनाई जाएगी, जिसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। आगामी 30 जून को आयोजित होने वाले पंचमी पर्व के दिन हजारों संगतों के बीच सन्त महापुरुष नए तरीके से दर्शनी ड्योढ़ी बनाने के लिए नींव रखेंगे। दर्शनी ड्योढ़ी बनने के बाद यहां की शोभा ओर बढ़ेगी। लाखों रुपये की लागत से तैयार की जाने वाली दर्शनी ड्योढ़ी का कई महीने में निर्माण कार्य पूरा होगा। जानकारी देते हुए हरियाणा सिख गुरूद्वरा मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर ने बताया कि तरावड़ी शहर के इस ऐतिहासिक शीशगंज गुरुद्वारे में एक रात के लिए श्री गुरु तेग बहादुर जी का शीश रखा गया था, जिसके बाद यहां की पवित्रता और ज्यादा बढ़ गई थी। यहां हर महीने पंचम पर्व धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमे संगतों का जनसैलाब उमड़ता है। उन्होंने बताया कि दर्शनी ड्योढ़ी (प्रवेश द्वार) करीबन छह माह में तैयार हो जाएगा। इस प्रवेश द्वार को सुशोभित करने का प्लान है। इस प्रवेश द्वार के बनने से शहर की शान ओर बढ़ जाएगी। मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने बताया कि कमेटी के गठन के बाद गुरुद्वारों का रख रखाव बेहतर तरीके से करवाया जा रहा है। 23 मई से जब कमेटी के सदस्यों ने कार्यभार संभाला तब से गुरुद्वारों में सेवा का कार्य निरन्तर जारी हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी के अंतर्गत आने वाले गुरुद्वारों में कार्य करवाए जाएंगे।

**इसी गुरुद्वारे में एक रात के लिए रखा था शीश :** हरियाणा सिख गुरूद्वरा मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर ने बताया कि तरावड़ी में श्री गुरु तेग बहादुर जी का शीश रखा गया था। यह तरावड़ी के गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में हुआ था, जब भाई जैता जी (जिन्हें बाद में भाई जीवन सिंह नाम दिया गया) गुरु जी का शीश दिल्ली से आनंदपुर साहिब ले जा रहे थे। एक रात के लिए शीश को तरावड़ी में रखा गया था, जिसके बाद इसका नाम गुरुद्वारा शीशगंज साहिब पड़ा। श्री गुरु तेग बहादुर जी का शीश चांदनी चौक, दिल्ली में काटा गया था, जहाँ अब गुरुद्वारा शीशगंज साहिब स्थित है,, यहां भाई जैता जी गुरु जी का शीश लेकर आनंदपुर साहिब जा रहे थे, और रास्ते में तरावड़ी में रुके थे।

## छीना-छपटी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**करनाल, 15 जून ( संदीप रोहिला ):** सीआईए-1 की टीम ने छीना-



छपटी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर, एक रौंद, व वारदात में प्रयोग की गई एक मोटरसाइकिल बरामद की है। सीआईए-1 टीम के इंचार्ज संदीप सिंह की अध्यक्षता में टीम ने आरोपी अंकित, सागर, विकास निवासी गांव शेरपुर लुहारा, बागपात यूपी व रोहताश उर्फ सन्नी निवासी गांव माता वाली गामड़ी, करनाल से काबू किया है। जानकारी देते हुए सीआईए इंचार्ज संदीप सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों द्वारा बीती 3 जून की शाम एनडीआरआई चौक के नजदीक फाइनेंस का काम करने वाले मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों से छीना छपटी कर वारदात को अंजाम दिया गया था। जिनके खिलाफ थाना सिविल लाइन करनाल में मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में आज चारों आरेपियो को न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया है व इस मामले में गहनता से पूछताछ के लिए अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## 1 किलो सुल्फा के असल सप्लायर को किया गिरफ्तार

**हांसी, 15 जून ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने 1 किलो 14 ग्राम सुल्फा के असल सप्लायर सागर पुत्र राजू निवासी वार्ड न. 11 नारनौंद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने गत दिनों पहले अंकित पुत्र अनिल निवासी गौतम कॉलोनी नारनौंद को एक किलो सुल्फा सप्लाई किया था। आरोपी के खिलाफ थाना नारनौंद में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया था। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस अभियोग में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पुछताछ की जाएगी।

# ग्रामीणों ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक योगेंद्र राणा से की मुलाकात



**असंध, 15 जून ( दलसिह मान ):** गांव बल्ला का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को करनाल स्थित विधायक योगेंद्र राणा के निवास पर गांव की विभिन्न मांगों को लेकर मिला । ग्रामीणों ने विधायक से मिलकर असंध को जिला बनाए जाने पर बल्ला को उपमंडल का दर्जा दिए जाने, उप तहसील को तहसील का दर्जा दिए जाने व अनाज मंडी को सब यार्ड से प्रिंसिपल यार्ड का दर्जा दिए जाने की मांग रखी । ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि सालवन व बल्ला जिला करनाल के सबसे बड़े गांव हैं । छात्र-छात्राओं की शिक्षा के लिए आसपास कोई कॉलेज नहीं है । बल्ला व सालवान के बीच ग्रामीणों ने एक कॉलेज का निर्माण कराए जाने की मांग रखी । ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि बल्ला में प्रदेश में एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐसा है जहां पर अस्पताल समय में ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं । ग्रामीणों ने विधायक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाने की मांग रखी । छात्राओं के लिए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान व कॉमर्स संकाय विषय लागू करवाए जाने की मांग की । बल्ला - बाल पबाना संपर्क मार्ग के बीच से मानपुरा संपर्क मार्ग को जोड़ने वाला कच्चा रास्ता पर सड़क निर्माण कराए जाने की मांग भी उठाई गई । ग्रामीणों ने विधायक से सीवरेज पाइपलाइन दबाने का बंद पड़ा कार्य शीघ्र चालू करवाई जाने की मांग की । ग्रामीणों ने विधायक से बताया कि बल्ला - असंध मुख्य मार्ग पर आए दिन रिफाइनरी में बड़े-बड़े यंत्र लेकर वाहन गुजरते हैं , सड़क के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन कम ऊंचाई पर होने के कारण उन्हें आए दिन बिजली विभाग से परमिट लेना पड़ता है । इससे भी गांव के बिजली बाधित होती है । ग्रामीणों ने सड़क के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन को ऊंचा उठाए जाने की मांग पुरजोर से रखी ताकि गांव की बिजली बाधित न हो । बल्ला-असंध मुख्य मार्ग से मुनक सिंचाई विभाग के विश्रामगृह तक गोली माइनर की पटरी पर बाईपास बनाई जाने की मांग भी ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष रखी । विधायक योगेंद्र राणा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया कि मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किये जाने का प्रयास किया जाएगा । इस अवसर पर सरपंच करमचंद, पूर्व सरपंच दिलावर सिंह, पूर्व सरपंच राजवीर, ब्लॉक समिति सदस्य रोहित पांचाल, बलजीत सैनी, वीरेंद्र आर्य, दिलबाग सैनी, प्रेम सिंह फौजी, रतन सिंह शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक चोरी मामले में एंटी व्हीकल स्टाफ द्वारा आरोपी काबू, चोरी की हुई बाइक बरामद

**कैथल, 15 जून ( प्रवेश बहादुर ):** दुपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा



कसते हुए एक बाइक चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी सुनील कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव फ्रांसवाला निवासी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अम्बेडकर नगर कैथल निवासी लक्ष्य की शिकायत अनुसार 22 मार्च की शाम खुराना रोड़ कैथल स्थित पवन वाटिका के पास से उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना शहर कैथल में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई। आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 440 ग्राम सुल्फा के असल सप्लायर को किया गिरफ्तार

**हांसी, 15 जून ( मनमोहन शर्मा ):** पुलिस जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने 440 ग्राम सुल्फा के असल सप्लायर धर्मवीर पुत्र पूरण निवासी मुंढाल खुर्द को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी गत दिनों पहले अमन पुत्र जगबीर निवासी मुंढाल को 440 ग्राम सुल्फा सप्लाई किया था। आरोपी के खिलाफ थाना बास में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया था। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पुछताछ की जाएगी।

## 7.62 ग्राम हेरोइन के असल सप्लायर को किया गिरफ्तार

**हांसी, 15 जून ( मनमोहन शर्मा ):** एस.पी अमित यशवर्धन भा.पु.से. के दिशा निर्देशानुसार जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना नारनौंद पुलिस ने 7.62 ग्राम हेरोइन के असल सप्लायर बिट्टू पुत्र ताराचंद निवासी सुलचानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने गत दिनों पहले काली पत्नी सुनील निवासी सुलचानी को 7.62 ग्राम हेरोइन सप्लाई की थी। आरोपी के खिलाफ थाना नारनौंद में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया था। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

## कैंसर जागरूकता कैंप आयोजित

**करनाल, 15 जून ( सोनी दुआ ):** स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता को बढ़ावा देने एवं समाज में कैंसर



जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समय रहते सतर्कता और परामर्श प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष कैंसर जागरूकता एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन यहां श्री कृष्ण मंदिर, सेक्टर-14 में किया गया । इस शिविर का आयोजन अमूल्य सहारा (एन.जी.ओ.), द्वारा, अमृतधारा माई हॉस्पिटल, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, डीएवी कॉलेज फॉर विमेन के संयुक्त सहयोग से किया गया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता आर्या व यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर तुषार शर्मा ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के लक्षण और उनसे निजात पाने के उपाय के बारे में चर्चा की। इस शिविर में निशुल्क परामर्श, महिलाओं के लिए निशुल्क पैप स्मीयर टेस्ट, पुरुषों के लिए पीएसए टेस्ट, निशुल्क ब्लड शुगर जांच व ब्लड प्रेशर जांच की गई। इस शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को समय पर जांच एवं जानकारी देकर कैंसर जैसे रोग से लड़ने के लिए जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में ओएन मालिक, कुलबीर मालिक, महेश कालरा, डॉ भावेश शर्मा, डॉ नीतू भाटिया, हेमराज मित्तल, डॉ दीप्ति शर्मा, सुनील बहल एवं राजविंदर कौर मौजूद रहे।

## जत्थेदार दादूवाल को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनाना ऐतिहासिक : गुरु प्रसाद



**करनाल, 15 जून ( संदीप रोहिला ):** देश के जाने-माने इंटरनेशनल सिख धर्म प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादुवाल को फिर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन बनाए जाने पर एच.एस.जी.पी.सी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने खुशी जाहिर की है। इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कमेटी के सदस्य, बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अध्यात्मिक संत है। उन्हे यू एन ओ ने भी सिख अध्यात्मिक संत के रूप मे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल की अगुवाई मे एच.एस.जी.पी.सी की धर्म प्रचार कमेटी सिख पंथ का प्रचार करेगी। एच.एस.जी.पी.सी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि दादुवाल को अगवाई मे सिख धर्म का प्रचार ऐतिहासिक तरीके से होगा।

## मां वैष्णो सेवा समिति 22 जून को करेगी निशुल्क मेडिकल चैकअप का आयोजन

**नीलोखेड़ी, 15 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ):** 22 जून को बजरंग सेवा दल बारात घर में मेडीकल चैकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा।कैंप का आयोजन मां वैष्णो सेवा समिति करेगी सिगिंनिस अस्पताल की टीम कैंप में आए मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करेगी । समिति के अध्यक्ष राकेश चौधरी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगो के आयुष्मान कार्ड बने हुए हैं। कैंप में उनके आपरेशन मुफ्त किए जाएंगे। कैंप में घुटनों की जांच के बाद यदि आपरेशन की जरूरत होगी तो आपरेशन मुफ्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त हार्ट,डिस्क प्राब्लम,पथरी, दुर्घटना में हड्डी टूटने, स्त्री की बच्चेदानी को रिमूव करने सहित भी आपरेशन मुफ्त किए जाएंगे। शुगर,ब्लड प्रेशर, नसों का दर्द,शरीर का टूटना, लगातार बुखार रहना,शरीर में कमजोरी रहने का ईलाज कैंप में किया जाएगा।

## शिव नगर युवा मंडल द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील का किया आयोजन

**कालका, 15 जून ( अख्तर फारूकी/अजीत सिंह ):** शिव नगर युवा मण्डल (रजि.) द्वारा जनसेवा की भावना के तहत कालका बस स्टैंड के सामने एक ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए



राहगीरों, यात्रियों व स्थानीय लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। मंडल के सदस्यों ने पूरी श्रद्धा व समर्पण भाव से लोगों को पानी पिलाया। छबील आयोजन का उद्देश्य लोगों को राहत प्रदान करना व सेवा भाव को बढ़ावा देना था।

# सम्पादकीय

## विश्व युद्ध की आशंका से सहमी दुनिया

इसराइल ने ईरान पर बड़ा हमला किया है, जिसमें करीब 78 ईरानी नागरिक मारे गए जबकि 350 से अधिक लोग घायल हो गए। ईरान के संभावित परमाणु ठिकानों पर इसराइल के हमले के बाद सारी दुनिया सहम गई है। दुनिया भर के शेयर बाजारों में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली है। कच्चे तेल के दाम में भारी तेजी देखने को मिली, सोने और चांदी का कारोबार भी तेजी के साथ हुआ। दुनिया भर के बाजारों में हड़कंप मच गया। सबसे ज्यादा तेजी क्रूड ऑयल के दामों में देखने को मिली। इसके साथ ही ईरान के साथ युद्ध शुरू होने की दशा में दुनिया के देशों में 40 फ़ीसदी से ज्यादा जो कच्चे तेल की आपूर्ति होती है, इसके अलावा आयात ?र निर्यात के लिए जिन मार्गों का उपयोग होता है, निश्चित रूप से उसमें व्यवधान उत्पन्न होगा। इसका असर दुनिया के देशों में पड़ना तय माना जा रहा है। इस कारण वैश्विक स्तर पर अफरा- तफरी का माहौल बन गया है। इसराइल के द्वारा किए गए हमले के जवाब में ईरान ने 150 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिसमें इसराइल के 2 लोगों की मौत जबकि 90 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। इसी के साथ ईरान ने अपने यहां लाल झंडा फहरा दिया है, जो युद्ध का संकेत है। वैश्विक स्तर पर जो नई स्थितियां देखने को मिल रही हैं, उसके अनुसार अमेरिका का खुला समर्थन इजरायल के साथ है। खाड़ी के कई देश अमेरिका के साथ खड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में ईरान के समर्थन में चीन-रूस और उत्तर कोरिया आगे आते हुए दिख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर जो नया समीकरण बन रहा है, उसमें अमेरिका के सामने रूस और चीन डटकर खड़े हो गए हैं। उनका समर्थन ईरान के साथ देखने को मिल रहा है। इस स्थिति में यदि युद्ध होता है तो यह युद्ध बहुत विनाशकारी होगा। इसे अभी से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका की यह चेतावनी कि ईरान न्यूक्लियर डील अमेरिका के साथ करे या तबाही के लिए तैयार हो जाए। एक तरह से अमेरिका ने ही इसराइल को हमले के लिए शह दी है। 75 साल बाद परमाणु ठिकानों पर हमला किया गया है। इसके बाद सारी दुनिया के देश दो हिस्सों में बंटने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसराइल और ईरान के बीच में युद्ध शुरू होने पर अमेरिका के नेतृत्व में दुनिया के कई देश एकजुट होंगे, वहीं चीन और रूस के नेतृत्व में ईरान के समर्थन में कई देश सामने आएंगे। ऐसी स्थिति में तृतीय विश्व युद्ध की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है, जो बड़े विनाशकारी परिणाम सामने ला सकता है। इसराइल ने परमाणु स्थलों पर हमला करके अब ईरान, चीन और रूस जैसे देशों को जवाबी हमले के लिए मौका दे दिया है। युद्ध बढ़ने की दशा में चीन और रूस भी ईरान के समर्थन में परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकेंगे। अब इसे रोक पाना संभव नहीं होगा। इसराइल और अमेरिका ने जो गलती की है उसको लेकर भारी तबाही की संभावना दिखने लगी है। ईरान ने जिस तरह से जवाबी हमले शुरू किए हैं उससे इतना स्पष्ट हो गया है कि वह अमेरिका से दबने वाला नहीं है। ईरान की मदद के लिए जिस तरह से चीन और रूस ने मदद की पेशकश की है उसके कारण तृतीय विश्व युद्ध की आशंका सभी के मन में उत्पन्न होने लगी है। अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से तुगलगी फैसला ले रहे हैं, वह सारी दुनिया के देशों को धमकाने में लगे हुए हैं। इसराइल और गाजा के बीच में चल रहे युद्ध को रोकने के लिए वैश्विक संस्थाओं द्वारा जो प्रयास किए गए वह सारे विफल साबित हुए। इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु वैश्विक संस्थाओं की किसी बात को नहीं मान रहे। गाजा में जिस तरह से इसराइल ने नरसंहार किया है, उसकी सारी दुनिया में निंदा हो रही है। यह भी कहा जा रहा है, कि इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु इन दिनों अपनी सत्ता को बचाए रखना चाहते हैं, जिसके कारण उन्होंने जानबूझकर ईरान के ऊपर हमला किया है। इसराइल में आपातकाल की घोषणा की गई है ताकि वह अपनी कुर्सी को बचाए रख सकें। बहरहाल जिस तरह की स्थिति बनने लगी है उसको देखते हुए वैश्विक मंदी, महंगाई, बेरोजगारी और युद्ध के कारण खाने-पीने और दैनिक उपयोग में आने वाले सामानों को लेकर भी दुनिया के देशों में चिंता देखने को मिलने लगी है। आगे क्या होगा यह कुछ कहा नहीं जा सकता है, लेकिन एक अभाव जो स्पष्ट रूप से दिख रहा है, संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद, रेड-क्रॉस जैसी संस्थाएं वह भूमिका अदा नहीं कर पा रही हैं जो कुछ दशक पहले तक करती थीं।

## जीवन का बड़ा सबक

पं. रामनाथ एक छोटी-सी जगह गुरुकुल में छात्रों को पढ़ाते थे। कृष्णनगर के राजा शिवचंद्र को यह पता लगा तो उन्हें बहुत दुख हुआ कि ऐसा महान विद्वान भी गरीबी में रह रहा है। एक दिन वह स्वयं पंडितजी से मिलने उनकी कुटिया में जा पहुंचे और बोले-पंडित जी, मैं आपकी कुछ सहायता करना चाहता हूं। पं. रामनाथ ने कहा-राजन, भगवान की कृपा ने मेरे सारे अभाव मिटा दिए हैं। मुझे अब कोई आवश्यकता नहीं रही। राजा बोले-मैं घर खर्च के बारे में पूछ रहा हूं। हो सकता है उसमें कुछ परेशानी होती हो। उन्हें जवाब मिला-इस बारे में तो गृहस्वामिनी अधिक जानती हैं। आप उन्हीं से पूछ लें। यह सुनकर राजा गृहिणी के पास जा पहुंचे-माता, आपके घर के खर्च के लिए कोई कमी तो नहीं? गृहिणी का जवाब था- भला सर्व-समर्थ परमेश्वर के रहते उनके भक्तिं को क्या कमी रह सकती है। पहनने को कपड़े हैं। सोने को बिछौना है। पानी रखने के लिए मिट्टी का घड़ा है। भोजन की खातिर विद्यार्थी सीधा ले आते हैं। बाहर खड़ी चौलाई का साग हो जाता है। इससे अधिक की जरूरत भी क्या है? राजा श्रद्धावनत हो गए, फिर भी बोले-हम चाहते हैं कि आपको कुछ गांवों की जागीर प्रदान करें। इससे आपको भी अभाव नहीं रहेगा और गुरुकुल भी ठीक से चलता रहेगा। राजा की यह बात सुनकर वृद्ध गृहिणी मुस्कराई-देखिए राजन, इस संसार में परमात्मा ने हर मनुष्य को जीवन रूपी जागीर पहले से दे रखी है। जो इसे अच्छी तरह से संभालना सीख लेता है, उसे फिर किसी चीज का अभाव नहीं रह जाता। यह सुनकर राजा शिवचंद्र का मस्तक झुक गया। आज उन्हें एक बड़ा सबक मिल गया था।

# कश्मीर में रेल की कल्पना सदियों पुरानी, अब होगी यथार्थ

**- विनोद कुमार सिंह**



कश्मीर में रेल की कल्पना सन 1892 में डोगरा महाराजाओं के विजन के साथ शुरू हुआ।एक सदी से भी अधिक पुराना यह स्वप्निल परियोजना हमारे भूवैज्ञानिक,स्थला कृतिक और तार्किक चुनौतियों भरा था।यहाँ कि शिवालिक और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं के बीच से कश्मीर घाटी तक ट्रेन चलाने की एक सदी से भी अधिक पुरानी महत्वाकांक्षी योजना है। सम्पूर्ण विश्व में भारत की पहचान विभिन्नता,विविधता की विशेषताओं से होती है।इसका उदाहरण कश्मीर से कन्या कुमारी तक दी जाती है।तभी तो कश्मीर को भारत माता की मुकुट कहीजाती है।आज फिर कश्मीर की चर्चा चहुँ दिशाओं हो रही है।हो भी क्यूँ नही,यह भारत की विकाश गति गाथा की है।जिनका शुभ शुभारम्भ व शंखनाद करने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को 46000करोड़ रुपये से अधिक विकाश परियोजना ओं की सौगात देने पहुंचे थें।इस अवशर उन्होंने कहा कि यह पवित्र भुमि वीर जोरावर सिंह जी की है,मैं इस धरती को प्रणाम करता हूँ।माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से आज कश्मीर रेल नेटवर्क से जुड़ गई है।कश्मीर से कन्याकुमारी अब रेलवे नेटवर्क के लिए भी हकीकत बन गया है।आज की हकीकत के पीछे की कहानी पर एक नजर डालते है। आपको बता दे कि कश्मीर में रेल की कल्पना सन1892 में डोगरा महाराजाओं के विजन के साथ शुरू हुआ।एक सदी से भी अधिक पुराना यह स्वप्निल परियोजना हमारे भूवैज्ञानिक,स्थलाकृतिक और तार्किक चुनौतियों भरा था।यहाँ कि शिवालिक और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखलाओं के बीच से कश्मीर घाटी तक ट्रेन चलाने की एक सदीयों से भी पुरानी महत्वाकांक्षी परियोजना है।इनमें चिनाब नदी पर एक स्टील आर्च ब्रिज है जिसे भूकंप और हवा की स्थिति को झेलने के लिए डिज़ाइन किया गया है।पुल का एक प्रमुख प्रभाव जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को बढ़ाना होगा।पुल पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से,कटरा और श्रीनगर के बीच यात्रा करने में मात्र तीन घंटे लगेंगे,जिससे वर्तमान यात्रा समय में दो-तीन घंटे की कमी आएगी।जम्मू- कश्मीर अभिलेखागार विभाग के विशेष दस्तावेजों के अनुसार,सन 1892 में डोगरा के महाराजा ने पहली बार कश्मीर तक रेल संपर्क का विचार रखा था।जिसे1898 में,शासक ने ब्रिटिश इंजीनियरिंग फर्म एसआर स्कॉट स्ट्रैटन एंड कंपनी को कश्मीर तक रेल मार्ग के लिए बीहड़ इलाके का सर्वेक्षण करने का काम सौंपा था।इस सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने और उसे क्रियान्वित करने के लिए तीन ब्रिटिश इंजीनियरों को नियुक्त किया गया,लैकिन1898 से1909 के बीच 11वर्षों में तैयार की गई तीन में से दो रिपोर्टें अस्वीकार कर दी गईं।डीए एडम द्वारा प्रस्तुत पहली रिपोर्ट में जम्मू और कश्मीर क्षेत्रों के बीच एक इलेक्ट्रिक रेलवे की सिफारिश की गई थी,जिसमें दो फीट छह इंच की एक संकरी लाइन पर भाप इंजन लगे होंगे।इस चुनौती पूर्ण ऊंचाई स्तरों के कारण इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया था।सन 1902 में डब्ल्यूजे वेटमैन द्वारा प्रस्तुत एक अन्य प्रस्ताव में झेलम नदी के किनारे एबटाबाद(अब पाकिस्तान में)से कश्मीर को जोड़ने वाली रेलवे लाइन का सुझाव दिया गया था,इसे भी अस्वीकार कर दिया गया।हालांकि,वाइल्ड ब्लड के तीसरे प्रस्ताव में रियासी क्षेत्र से होकर चेनाब नदी के किनारे रेलवे लाइन बिछाने की सिफारिश की गई थी।अन्तत इस रिपोर्ट को मंजूरी दे दी गई।उधमपुर,रामसू और बनिहाल के पास बिजली से चलने वाली ट्रेनों को चलाने और बिजलीघर स्थापित करने की कई योजनाओं की भी जांच की गई,लेकिन अंततः उन्हें खारिज कर दिया गया।हालांकि,कई बार खारिज किए जाने के बाद, ब्रिटिश इंजीनियर कर्नल डी.ई. बोरेल को आखिरकार स्थानीय कोयला भंडारों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम सौंपा गया।इसके अलावा,भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण(जीएसआई)के तत्कालीन उप अधीक्षक टीडी ला टच से संगरमार्ग और महोगला कोयला खदानों पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई गई थी।कई अस्वीकृतियों के बाद एक सकारात्मक विकास को चिह्नित करते हुए, दिसंबर1923 में, एसआर स्कॉट स्ट्रैटन एंड कंपनी को कोयला निष्कर्षण परियोजना को लागू करने के लिए फिर से नियुक्त किया गया।हालांकि दस्तावेजों में कहा गया है कि 1925 में महाराजा प्रताप सिंह की मृत्यु और बढ़ते भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के कारण परियोजना को स्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया।इस यात्रा में उम्मीद की एक किरण छह दशक बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1983 में पुनः प्रयास जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर रेलवे लाइन की आधारशिला रखी।जिससे यह महत्वाकांक्षी परियोजना को नव जीवन मिला।हालांकि,अगले 13 सालों में बजट बहुत बढ़ गया क्योंकि केवल11किलोमीटर लाइन का निर्माण किया जा सका,जिसमें 300 करोड़ रुपये की लागत से 19 सुरंगें और 11पुल शामिल थे।यह परियोजना बाद में व्यापक उधमपुर - कटरा-बारामूला रेलवे परियोजना में बदल गई,जिसकी अनुमानित लागत 2,500 करोड़ रुपये थी,जिसकी आधारशिला 1996 और 1997 में प्रधानमंत्रियों एचडी देवेगौड़ा और आईके गुजराल ने उधमपुर,काजीगुंड और बारामूला में रखी थी।इस परियोजना का निर्माण कार्य 1997 में शुरू हुआ।यह कार्य भूवैज्ञानिक,स्थलाकृतिक और मौसम संबंधी स्थितियों के कारण चुनौती पूर्ण था।जिसके कारण देरी हुई,जिससे लागत 43,800 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।उधमपुर- श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लाइन (यूएसबीआरएल)को इसके सामरिक महत्व को देखते हुए राष्ट्रीय परि योजना घोषित किया गया था।272 किमी लंबे खंड में से 209 किमी पहले ही चरणों में चालू हो चुका है,जिसमें 2009 में काजीगुंड-बारामूला,2013 में बनिहाल-काजीगुंड,2014 में उधमपुर-कटरा और 2023 में बनिहाल-संगलदान शामिल है।हमारे इंजीनियरिंग के इस चमत्कार में कश्मीर रेल परियोजना के साथ 38 सुरंगें और 927 पुल शामिल हैं,जिनमें चिनाब पुल सबसे खास है,जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है और नदी तल से 359 मीटर ऊपर है।यह दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है।इस बहु प्रतिक्षित परियोजना प्रारम्भ होने से ना केवल



जम्मु कश्मीर के लोगों लाभ होगा बल्कि कशमीर में आने वाले शैलानी के संग श्रद्धालुओं को फायदा होगा।नए रोजगार के अवसर मिलेंगे।इस मौके पर मुझे एक प्रचलित कहावत याद आ रही है - कौन कहता है कि आशमा में सुराग नही होता,एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों

# मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार प्रदेश में बढ़ रहा निवेश

**- हर्षवर्धन पान्डे**

देश का हृदयस्थल कहा जाने वाला मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में निवेश और विकास के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बीते डेढ़ बरस के छोटे से समय में उनकी दूरदर्शी नीतियों, स्पष्ट प्रशासनिक दृष्टिकोण और निवेशक-अनुकूल रणनीतियों ने प्रदेश को औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में निवेश की गति धुआंधार रही है और विकास तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इसका जीता जागता उदाहरण रहा जहाँ मोहन का मैजिक इस कदर चला कि इस समिट में 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो प्रदेश के आर्थिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे पहले भी एमपी में निवेशक सम्मेलन आयोजित होते रहे लेकिन बड़े निवेश के प्रस्ताव राज्य को नहीं मिल पाए। डॉ. मोहन यादव की मजबूत इच्छा शक्ति का परिणाम है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उन्होनें देश और दुनिया में एमपी की पताका फहरा दी। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 21 लाख रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है,जो एक रिकार्ड है। इस समिट में विभिन्न क्षेत्रों जैसे एविएशन, आईटी, कृषि और शहरी विकास में निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मोहन के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अब केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक निवेशकों के लिए भी एक आकर्षक गंतव्य बन रहा है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य प्रदेश के हर कोने में औद्योगिक विकास को गति देना है। उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर , नर्मदापुरम जैसे शहरों में आयोजित इन कॉन्क्लेव्स ने स्थानीय स्तर पर निवेशकों को आकर्षित किया है। ये कॉन्क्लेव न केवल राज्य में व्यापक निवेश को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि इससे स्थानीय उद्यमियों और छोटे-मध्यम उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एमएसएमई सेक्टर के लिए 5000 करोड़ रुपये के अनुदान की घोषणा की है, जिससे छोटे निवेशकों की बांछे खिल गई हैं। मोहन सरकार ने अपने कार्यकाल में औद्योगिक विकास के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार कर लिया है जिसमें औद्योगिक पार्कों को बढ़ावा देने के साथ स्मार्ट औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने पर जोर दिया गया है। इस पहल से रोजगार के नए अवसर न केवल मिलेंगे बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। मध्यप्रदेश बहुत जल्द ड्रोन निर्माण का बड़ा हब भी बनने जा रहा है। इस लक्ष्य को पाने के लिए मोहन सरकार ने पिछले दिनों मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति 2025 को मंजूरी दी है जिससे नए स्टार्ट अप कंपनियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने ड्रोन स्कूल खोने की बड़ी कार्ययोजना भी तैयार की है जिसके माध्यम से युवाओं को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे राज्य में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे।

डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को न केवल औद्योगिक, बल्कि आध्यात्मिक और वेलनेस हब के रूप में भी स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। पिछले दिनों उज्जैन में आयोजित स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट 2025 में 1950 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस समिट ने मध्यप्रदेश को भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने वाला राज्य बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में मेडिसिटी की स्थापना और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के साथ समझौता इस दिशा में उनकी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन जैसे आध्यात्मिक संगठनों ने भी उज्जैन में केंद्र स्थापित करने के लिए पत्र सौंपा है जो प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा।मध्यप्रदेश शहरी विकास के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सात स्मार्ट सिटी, 80त्न पाइप जलापूर्ति और 6000 किलोमीटर शहरी सड़कों का विकास इसकी गवाही देता है। शहरी विकास में 88 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं जिनमें 50 हजार करोड़ रुपये से 10 लाख नए आवासों की योजना शामिल है। ये प्रयास मध्यप्रदेश को निवेशकों और डेवलपर्स के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं।मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने पर पहले से ही विशेष जोर दिया है। आज मध्यप्रदेश में सरप्लस बिजली, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा और कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं। अब प्रदेश में उद्योग-अनुकूल नीतियां निवेशकों को इन दिनों खूब लुभा रही हैं। इसके अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए कस्टमाइज्ड नीतियां , सिंगल विंडो सिस्टम को प्रोत्साहन और विभिन्न विभागों की तरफ से विशेष सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जो निवेशकों के लिए अतिरिक्त बूस्टर डोज का काम कर रहा है। नीति आयोग ने भी मध्यप्रदेश को तेजी से प्रगति करने वाले राज्यों में अग्रणी माना है जो मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दूरदर्शी नेतृत्व की व्यापक प्रभावशीलता को दिखा रहा है।

मध्यप्रदेश अब नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है जो केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना के तहत संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कृषि फीडरों को सौर ऊर्जा से जोड़ना है ताकि किसानों को दिन के समय सस्ती और स्थायी बिजली उपलब्ध हो सके। यह योजना न केवल किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करती है बल्कि उन्हें सौर ऊर्जा के उत्पादक के रूप में भी सशक्त बनाती है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर है जो अपने सभी कृषि फीडरों को सौर ऊर्जा से जोड़ेगा। आज प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 15 गुना बढ़ चुकी है जिसमें सौर ऊर्जा में 48 प्रतिशत और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब तक प्रदेश में 80 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं स्थापित हो चुकी हैं ।

# अकूत सम्पदा के बाद भी अफ्रीकी देशों में गरीबी क्यों

**- सनत जैन**



अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के युवा सैन्य नेता इब्राहिम त्रारे ने एक ऐसा भाषण दिया है। जिसमे वैश्विक मीडिया और औपनिवेशिक सोच पर तीखा हमला किया गया है। 34 वर्षीय त्रारे ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया है, उन्होंने अफ्रीका की गरीबी, संघर्ष और पिछड़ेपन की झूठी तस्वीर दुनिया के देशों में सालों तक प्रचारित की हैं। उन्होंने कहा कि अफ्रीका कोई भिखारी महाद्वीप नहीं है, बल्कि दुनिया को दुर्लभ खनिज, ऊर्जा संसाधनों को उपलब्ध कराने वाला विशाल आफ्रिकी महाद्वीप है। अफ्रीका सारी दुनिया को पोषित और विकसित करने वाला महाद्वीप है। सारी दुनिया अफ्रीका के खनिज संसाधनों का दोहन और उपयोग करती है। इसके बदले बड़े-बड़े पूंजीवादी देश अफ्रीका को गरीबी, भ्रष्टाचार और अशांति की ओर ले जाते हैं। त्रारे ने कहा अफ्रीका को मस्जिद नहीं, स्कूल चाहिये। उल्लेखनीय है अफ्रीका की 65 फीसदी मुस्लिम धर्म को मानती है। अफ्रीका को अब धार्मिक कट्टरता नहीं, शिक्षा और विकास चाहिए है। 200 मस्जिदे बनाए जाने के सऊदी अरब के प्रस्ताव को उन्होंने ठुकरा दिया। उन्होंने फ्रांस, ब्रिटेन, अमेरिका और चीन जैसी ताकतों की उन शोषण की रणनीतियों को उजागर किया।जिनसे अफ्रीका को आर्थिक रूप से लूटा जा रहा है। उन्होंने कोबाल्ट, प्लेटिनम, सोना, यूरेनियम जैसे खनिजों के उत्पादन में अफ्रीका के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा, जिन क्षेत्रों से यह बहुमूल्य संपदा निकली जा रही है, उन क्षेत्रों में आज भी बिजली, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। उन स्थानों पर सबसे ज्यादा बदहाली और भुखमरी देखने को मिलती है। त्रारे के यह तेवर केवल एक क्रांतिकारी नेता की आवाज नहीं, बल्कि उस पूरे महाद्वीप की पीड़ा है। जिसे दशकों से जानबूझकर आर्थिक रूप से कमजोर और पश्चिमी देशों ने अपने ऊपर निर्भर बनाकर रखा है। उनका कहना है कि पश्चिमी मीडिया अफ्रीका की सफलताओं और वास्तिवक्ता को कवर नहीं करता। पश्चिमी देशों और पूंजीपतियों के इशारे पर शोषणकारी एजेंडा मीडिया चलाता है। अब इसको बेनकाब करने का समय आ गया है। इब्राहिम त्रारे की यह गर्जना सिर्फ अफ्रीका नहीं, पूरे ग्लोबल साउथ के लिए चेतावनी के रूप में है। त्रारे के यह तेवर उपनिवेशवाद के नए रूपों, मीडिया के दोहरे मानदंडों और वैश्विक आर्थिक अन्याय के खिलाफ एक निर्णायक लड़ाई की शुरुआत है। पश्चिमी देशों की इस लूट में अब चीन भी शामिल हो गया है। सबसे बहुमूल्य खनिज संपदा अफ्रीका महाद्वीप में है। अफ्रीकी देशों के नेताओं के साथ मिलकर अफ्रीका महाद्वीप की जनता का जो शोषण कई दशकों से स्थानीय नेताओं की मदद से हो रहा है। उसके खिलाफ इसे एक बगावत के रूप में देखा जा रहा है। अफ्रीकी देश बुर्किना फासो सैन्य अधिकारी है। उनकी यह बगावत ठीक वैसी ही है, जैसी महात्मा गांधी ने अफ्रीका मैं रहते हुए अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाया था। वही बिगुल अब त्रारे ने अफ्रीकी महाद्वीप में बजा दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहायता को ठुकराते हुए यहां तक कह दिया है। जब हम दुनिया की सबसे महंगी खनिज संपदा सारी दुनिया के देशों को देते हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपनी बहुमूल्य संपदा का भुगतान चाहिए, वैश्विक कर्ज और दया की हमें आवश्यकता नहीं है। निश्चित रूप से अफ्रीका की जनता ने अब अपनी सोच को बदलना शुरू कर दिया है। अफ्रीकी देशों के नेताओं के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ भी वहां की जनता ने एक जंग शुरू कर दी है। सारी दुनिया में इसे पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ एक नई लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। भविष्य में इसका व्यापक असर पड़ना तय है।



इस लड़ाई में भारत की सहभागिता महत्वपूर्ण है। महात्मा गांधी के कारण अफ्रीकी देशों की जनता में भारत के प्रति बेहतर छबि है। इसका लाभ उठाने के लिए भारत को आगे आना होगा।

# जय ज्वाला जी सेवा मंडल द्वारा लगाई गई मीठे पानी की छबील

**लाडवा, 15 जून ( रामगोपाल ):** स्थानीय जय ज्वाला जी सेवा मंडल के महासचिव रोहित सिंगला ने बताया की जय ज्वाला जी सेवा मंडल



वर्ष भर में अनेकों सामाजिक व धार्मिक कार्य करती है। इसी कड़ी में जय ज्वाला जी सेवा मंडल द्वारा रविवार को ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। महासचिव रोहित सिंगला ने बताया कि भयंकर गर्मी को देखते हुए संस्था द्वारा रविवार को सुबह 11:00 से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक श्री ज्वाला जी मंदिर के आगे ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने ठंडा मीठा पीकर राहत महसूस की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 2 अगस्त 2025 दिन शनिवार को नई अनाज मंडी लाडवा में भव्य जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। इस जागरण में पंजाब म्यूजिकल इंडस्ट्री के सुप्रसिद्ध भजन गायक रोशन प्रिंस मां के भजनों का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर प्रधान अंकित गर्ग, महासचिव रोहित सिंगला, कोषाध्यक्ष नवीन गर्ग, सह कोषाध्यक्ष पारस अरोड़ा, सचिव राकेश कश्यप, अरुण मित्तल, तरसेम, नरेश शर्मा, वंश, नमन, पारस, विकास, प्रिंस, मानी, गर्वित सहित सेवा मंडल की सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जरूरत पडने पर रक्तदान जीवन का सबसे अमूल्य उपहार : डा. पंवार

**करनाल, 15 जून ( रविन्द्र मलिक ):** सामाजिक संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड की ओर से श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 7 में रक्तदान शिविर लगाया गया। कैंप में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ अन्य लोगों ने



स्वेच्छा से रक्तदान कर पुण्य कमाया। डॉक्टर बताते हैं कि एक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है। इससे शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। कैंप में प्रोजेक्ट डायरेक्टर की भूमिका जेसी डा. राजीव पंवार व जेसी कपिल गुप्ता ने अदा की। संस्था के अध्यक्ष जेसी प्रमोद बंसल ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में यह कैंप लगाया गया। जेसीआई दुनिया के सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करती है, जो समय-समय पर समाज और मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में जेसीआई करनाल गोल्ड के सदस्यों आयुष गुप्ता, दिनेश सिंगला, अमित मित्तल, राजेश गर्ग, जेसीआरटीटी विंग चेयरपर्सन सिम्मी बंसल, मीनाक्षी सिंगला और कमल अग्रवाल ने रक्तदान किया। रक्तदाओं को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। इस अवसर पर आईपीपी रविनंदन गर्ग, सचिव अजीत बंसल, पूव प्रधान हरीश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, दुर्गेश गुप्ता, मुनीष बंसल, राजेश गर्ग, अमित सिंगला व तपस्या पंवार मौजूद रहे।

# नशा मुक्त और योग युक्त जीवन अपनाएं युवा- नशे से रहोगे दूर तो जीवन जी पाओगे भरपूर : डॉ. अशोक

**पलवल, 15 जून ( ब्यूरो ):** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं एस.पी मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।




इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बल्लबगढ़ से पलवल मार्ग पर साइकिल चलाकर लोगों को नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अनेक सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। सार्वजनिक स्थानों पर युवाओं को एकत्रित कर नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि आज पितृ दिवस है और पिता हमारे लिए सब कुछ करता है। वह चाहे कुछ भी करता हो लेकिन सदैव अपने बच्चों को नशे से दूर रखना चाहता है। आज हमें अपने लिए और अपने पिता के लिए हर प्रकार का नशा त्यागकर संकल्प लेना है। उन्होंने युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए बताया कि ब्यूरो द्वारा हरियाणा के जन जन को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है ताकि कोई व्यक्ति जागरूकता से वंचित न रह जाए। हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त और योग युक्त जीवन अपनाने के लिए भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और पुलिस निरंतर नशा तस्करों की धरपकड़ में जुटी हुई है। सबका लक्ष्य केवल एक है युवा नशे से दूर रहे और स्वस्थ जीवन यापन करे। उन्होंने युवाओं को जीवन में नशा न करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं 1933 अथवा एन.सी.बी मानस पोर्टल अथवा हरियाणा के लिए 9050891508 पर देकर एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करें। तत्पश्चात वे साइकिल लेकर आगे बढ़ गए।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर 51 अखंड पाठ साहिब जी की लड़ी होगी आरंभ : टीपी सिंह

## 350 सहज पाठ करने के लिए 18 जून को गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में संगत को वितरित की जाएगी पोथियां

**अम्बाला, 15 जून ( कवलजीत सिंह भल्ला ):** गुरुद्वारा धन पोठोहार साहिब में छठे गुरु श्री हरिगोबिंद साहिब जी का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कीर्तनी जत्थों ने संगत को गुरबाणाी कीर्तन से निहाल किया। आज गुरुद्वारा साहिब में सुखमनी साहिब के पाठों की लड़ी का समापन किया गया। भाई सुखदेव सिंह और कुलवंत सिंह के कीर्तनी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस दौरान गुरुद्वारा मंजी साहिब के हेड ग्रंथी भाई सतनाम सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने संगत को श्री हरिगोबिंद साहिब जी महाराज के जीवन बारे चर्चा दी। उन्होंने बताया कि पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव जी की शहादत के बाद जब गुरु हरिगोबिंद साहिब जी ने गुरता गद्दी पर बैठकर सिखों का नेतृत्व संभाला। उन्होंने बताया कि गुरु जी ने सिखों को शस्त्रधारी बनाने का कार्य आरंभ किया। गुरु-गद्दी पर विराजमान होते समय छठम गुरु ने दो तलवारें धारण कीं। एक %मीरी% अर्थात राजनीतिक शक्ति की और दूसरी पीरी अर्थात अध्यात्मिक शक्ति की। गुरु जी ने सिखों को संदेश







दिया कि उच्च आध्यात्मिक मूल्य धारण करने के साथ-साथ शारीरिक और राजनीतिक शक्ति भी प्राप्त करें। गुरु जी के आदेशानुसार सिखों को घुड़सवारी, तलवारबाजी, तीरंदाजी, नेजेबाजी (भाले से युद्ध कला) आदि का अभ्यास करा सैनिक प्रशिक्षण दिया जाने लगा। गुरु जी ने अमृतसर में लौहगढ़ नाम का एक किला भी बनवाया। गुरु जी ने हरिमंदिर साहिब के सामने %अकाल बुंगे का निर्माण शुरू करवाया। बादशाह के तख्त के मुकाबले इसे अकाल तख्त कहा गया। जो सिखों के लिए सर्वोच्च स्थान है और आज भी यहां से सिखों को संदेश दिया जाता है। आज के कार्यक्रम में श्री गुरु हरिगोबिंद साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान एवं पूर्व एचएसजीएमसी मेंबर टीपी सिंह, चेयरमैन मनजीत सिंह बब्बू, मेंबर गुरतेज सिंह, हरभजन सिंह, जगजीत सिंह, जसविंदर सिंह, प्रीतम सिंह, सतिंदरपाल सिंह बंटी, हरप्रीत कौर, नरेंद्र कौर, कंवलजीत सिंह शैली, अमरजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। कीर्तनी जत्थों को सिरोपा भेंट कर व अन्य को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**श्री गुरु तेग बहादुर जी ने 'धर्म हेत साका जिन किया, सीस दिया पर सिरर न दिया' के महावाकों को सार्थक साबित किया :** सेवक जत्था से जगजीत सिंह बॉबी ने संगत को श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी पर्व को श्रद्धा से मनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पाठ करने को कहा। उन्होंने संगत को बताया कि जब औरंगजेब ने कश्मीरी पंडितों का धर्म परिवर्तन करवाना शुरू कर दिया तो वे गुरु जी की शरण में आए और उन्हें अपने साथ चलने के लिए कहा। जिसके बाद पंडितों की विनती को स्वीकार कर गुरु जी औरंगजेब के पास पहुंच गए। औरंगजेब भी गुरु जी को देख खुश हो गया कि यदि एक व्यक्ति के धर्म परिवर्तन करने से सभी पंडित धर्म परिवर्तन कर लेंगे तो यह तो बहुत अच्छा होगा। लेकिन गुरुजी की हिम्मत और जज्बे के आगे औरंगजेब के जुल्मों की एक न चली। गुरु जी ने 'धर्म हेत साका जिन किया, सीस दिया पर सिरर न दिया' के महावाकों को सार्थक साबित किया और जिस समय मानवधिकार शब्द की उत्पति भी नहीं हुई थी उस समय मानवता के लिए बलिदान दे दिया।

**एचएसजीएमसी के सहयोग से हर सप्ताह गुरुद्वारों में किए जाएंगे समागम :** श्री गुरु हरिगोबिंद साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान एवं पूर्व एचएसजीएमसी मेंबर टीपी सिंह ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व को बड़े स्तर पर मनाने के लिए एचएसजीएमसी व संगत के सहयोग से आज से कार्यक्रमों की लड़ी शुरू की गई है। जिसके तहत हर सप्ताह शनिवार या रविवार को अंबाला शहर के किसी गुरुद्वारा साहिब में समागम आयोजित किए जाएंगे। जो संगत अपने एरिया के गुरुद्वारा साहिब ले साप्ताहिक समागम करवाना चाहती है तो वह गुरुद्वारा मंजी साहिब के हेड ग्रंथी सतनाम सिंह से संपर्क कर सकता है। वहीं उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा शीश गंज साहिब से जल्दी 51 अखंड पाठ साहिब जी के पाठों की लड़ी आरंभ की जाएगी। वही 350 सहज पाठ की सेवा भी की जाएगी इसके लिए 18 जून को गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में पोथियां वितरित की जाएगी। जो कोई भी सहज पाठ की सेवा में हिस्सा डालना चाहता है तो वह 18 जून को गुरुद्वारा शीशगंज साहिब में पहुंचकर पोथियां प्राप्त कर सकता है। वहीं इसके साथ उन्होंने बताया कि अंबाला शहर के गुरुद्वारा मंजी साहिब, लखनौर साहिब, बादशाही बाग साहिब, पंजोखरा साहिब, अंबाला छावनी के गुरुद्वारा साहिब में बड़े नगर कीर्तन और दीवान समागम सजाए जाएंगे।

# भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) का राष्ट्रीय चिंतन शिविर 19जून से 21जून तक हरिद्वार मे होगा

***देश भर के किसानो को संगठित करके करेंगे आगामी आदोलन का ऐलान : विक्रम कसाना***

**पुंडरी, 15 जून ( जगदीश दहिया ):** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की जिलास्तरीय बैठक नीम साहिब गुरूदारा मे जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसमे युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना व प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) का राष्ट्रीय चितनं शिविर 19जून से 21जून तक लाल कोठी (हरिद्वार) मे होगा। जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करना व देश भर मे किसानो की समस्याओ को लेकर चर्चा होगी। शिविर मे देश के कोने कोने से किसान भाग लेगे। इस शिविर को लेकर किसानो मे भारी उत्साह है। कैथल जिले से सैकड़ो की संख्या मे किसान चिंतन शिविर (हरिद्वार) मे भाग लेगे। प्रदेश उपाध्यक्ष चमकौर सिंह चीका ने कहा कि देश के किसानो की आर्थिक हालत बडी दयनीय हो चुकी है,हर रोज सैकड़ो



किसान कर्जा के कारण आत्महत्या कर रहे है लेकिन सरकार किसानो का कर्जा माफ ना करके अपने कार्पोरेट मित्रों को कर्जा माफ करने का काम कर रहे है। सरकार किसान से जमीन छीन कर उनको मजदूर बनाना चाहती है। इन सभी समस्याओ को लेकर देश के किसानो को संगठित होकर लडाई लड़नी पडेगी। युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा किनये ट्यूबवैल कनैक्शन ना मिलने के कारण किसान हताश व परेशान हो चुके हैं लेकिन सरकार द्वारा हर दिन कोई ना कोई शर्त लगाकर ट्यूबवैल कनैक्शन ना देकर किसानो को तंग व परेशान किया जा रहा है।आज 15जून से धान का सीजन शुरू हो जायेगा तो किसान अपने खेतो मे धान लगाने के लिए पानी छोड़ देगे तो नये ट्यूबवैल कनैक्शन का काम नही हो पायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों में हरियाणा सरकार ने पूरे प्रदेश में कई ब्लॉक को डार्क जोन में घोषित कर उन किसानों को जिन्होंने ट्यूबवैल कनैक्शन को लेकर बिजली विभाग की सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है उनको भी विभाग कनैक्शन देने से टरका रहे है। बिजली विभाग द्वारा किसानों को बोल दिया गया है कि जब तक ड्रिप व फव्वारा विधि नहीं अपनाएंगे तब तक कनेक्शन नहीं मिलेगा। नये ट्यूबवैल कनैक्शन के लिए बिजली विभाग के अधिकारी किसानों को (मिकाडा) सिंचाई विभाग के पास भेज रहे हैं और मिकाडा विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मिलकर किसानों को लूट रहे हैं,मिकाडा विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को बताया जा रहा है कि विभाग की साइट बदं होने के कारण काम नही हो रहा है। पिछले दिनों आये तुफान के कारण जिले भर मे बिजली के ट्रांसफार्मर,पोल व तार टूटने के कारण आज भी कई जगह पर बिजली सप्लाई चालू नही हो पा रही है जिसके कारण किसानो की धान की पनीरी सुख गई है और किसानो को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है। ट्रांसफार्मर,पोल व तारो को ठीक करवाने के लिए किसान दर दर की ठोकर खाने पर मजबूर है। सरकार ने खेतो के लंबित ट्यूबवेल कनैक्शन जल्द जारी नही किये पूरे प्रदेश के किसान भी सड़को पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर होगे।इस बैठक मे प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष भागल, केवल सिंह सिद्ध, सुरेंद्र बरटा, सतनाम दुसैण, नरेंद्र हाबडी,बगगा साघनं,रामपाल मुंदडी, लहणा मुंदडी, सतपाल रोड,सुरेंद्र हजवाना, नरेंद्र फरल,दीपा दुसैण,आशू कौल, किनदर ठेकेदार, संदीप सधू, भूपेन्द्र साघनं,मोनी सिकंदर खेडी,गुरुमुख फरल, भीम सिंह खनौदा सहित सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

# विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर लगाकर निभाया मानवता का फर्ज : सुभाष काम्बोज

**करनाल, 15 जून ( ब्यूरो ):** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर मानव सेवा संघ करनाल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी रक्तदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जिंदल सहित तमाम पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि नगर निगम करनाल वार्ड नं. 5 के पार्षद सुभाष






काम्बोज व सर्वजातीय महासभा के प्रधान एवं भाजपा नेता चौ. विजय पाल एडवोकेट का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेम मूर्ति जी ने भी अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था बीते कई सालो से रक्तदान शिविर के साथ-साथ पर्यावरण सरंक्षण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री जैसे समाजसेवा के कार्यो में उल्लेखनीय भूमिका निभाती आ रही है। इस मौके पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे चौ. विजय पाल एडवाकेट ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है जो कि बेहद सराहनीय है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में इस तरह के अने कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए फाउंडेशन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि रक्तदान महादान है, हम सभी को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद सुभाष काम्बोज ने भी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया और कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कोई कमी नहीं आती बल्कि शरीर और अधिक स्वस्थ हो जाता है। रक्तदान कर हम किसी दूसरे के जीवन को बचा सकते है। उन्होंने कहा कि जब दुर्घटना के समय किसी भी व्यक्ति को रक्त की जरूर पड़ती है तो हमें इसकी अहमियत समझ आती है कि रक्तदान हम सभी के लिए कितना जरूरी है, क्योंकि रक्तदान की सरंचना केवल ओर केवल मानव शरीर में ही होती है। इसलिए हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आने की जरूरत है। इस नेक ओर सफल आयोजन के लिए उन्होंने फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जिंदल सहित तमाम पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि उनकी संस्था आगे भी इसी तरह समाजसेवा के क्षेत्र में काम करती रहे। रक्तदान के बाद रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण गोयल, ओ.पी सचदेवा, आशीष गुप्ता, अनुराग बिंदल, राघव धीर, शैलजा गुप्ता, अनिल शर्मा, सविता गुप्ता, भगत राम, मनोज कुमार, सतीश कश्यप सहित भारी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

# रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, दो लाख से अधिक जुर्माना

**करनाल, 15 जून ( परमजीत कौर ):** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है।




इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एसआई मोहन लाल, एएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड संजीव कुमार व रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान इंद्री के पास 6 मीट्रिक टन रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा गया। चालक राजेंद्र पुत्र बचना सिंह निवासी गांव चंद्राह के पास ट्रैक्टर-ट्राली में भरे रेत का बिल नहीं पाया गया। इसी कारण वाहन को जब्त कर एनफोर्समेंट ब्यूरो के थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि राजेंद्र पर 2 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक महीने के भीतर जुर्माने की राशि अदा न करने पर वाहन को जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# कैथल में छोटूराम की प्रतिमा का किया अनावरण

**कैथल, 15 जून ( प्रवेश बहादुर ):** कैथल में पहली बार कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और भाजपा समर्थित नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग एक साथ एक मंच पर नजर आए। ऐसा पहला अवसर रहा, जिसमें विपक्षी दलों के नेताओं ने एक मंच से



लोगों से संबोधित किया। कांग्रेस एवं भाजपा दोनों पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता एक स्थान पर इकट्ठे हुए। यह मौका ढांड रोड पर सर छोटूराम की प्रतिमा के अनावरण का रहा। नगर परिषद की ओर से चौक पर समाज की अनुशंसा पर सर छोटूराम की प्रतिमा लगाई गई है। इसमें कांग्रेस के सुरजेवाला परिवार का विशेष आर्थिक सहयोग रहा है। नगर परिषद की चेयरपर्सन होने के चलते सुरभि गर्ग कार्यक्रम में शामिल हुई व लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सर छोटूराम ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। हमें उनसे सीख लेनी चाहिए। इसी प्रकार सभी चौक-चौराहों को सुंदर बनाया जाएगा। इसी तरह कांग्रेस की ओर से प्रतिमा स्थापना में दिए गए सहयोग के चलते सुरजेवाला परिवार इस कार्यक्रम का हिस्सा बना। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि इस प्रतिमा का निर्माण राजस्थान से करवाया गया है। सर छोटूराम गरीबों और किसानों के हित में थे। उनकी प्रतिमा हमें सेवा व जनहित का संदेश देती रहेगी। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ जो दोपहर को करीब 12 बजे तक चला। इसके लिए नगर परिषद और सामाजिक संस्थाओं की ओर से दोनों राजनीतिक परिवारों को निमंत्रण दिया गया। चौक के निर्माण में भूमिका निभाने वाले जगरूप ढुल व उनकी टीम ने बताया कि जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान यहां चौक पर लगी प्रतिमा को किसी ने खंडित कर दिया था। काफी दिनों को चौक का सुधार नहीं हो सका है। अब उनकी टीम ने अधिकारियों और नेताओं से बातचीत कर दोबारा निर्माण करवाया। इस भव्य चौक के प्रतिमा अनावरण के लिए दोनों राजनीतिक परिवारों को निमंत्रण दिया गया और अनावरण किया गया।

# अवैध शराब तस्करों पर कैथल पुलिस का शिकंजा

**कैथल, 15 जून ( प्रवेश बहादुर ):** अवैध शराब तस्करों पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस द्वारा अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से अंग्रेजी, देशी शराब व बीयर की 1138 बोतल बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एस आई जसवंत सिंह की अगुवाई में ए एस आई राजीव कुमार की टीम को एक गुप्त सूचना मिली की गाँव भाणा में पिछले वर्ष का शराब ठेका सुरेन्द्र एंड कम्पनी ने लिया हुआ था। जिसमें भाणा निवासी प्रवेश व महीपाल पार्टनर थे । इस साल 2025-26 के लिये इनको ठेका नहीं मिला है। इसलिये प्रवेश व महीपाल ने अपने ठेके रखी हुई शराब को अवैध तौर पर छिपाकर रखा हुआ है। जो प्रवेश उपरोक्त ने अवैध शराब को करोड़ा रोड़ भाणा पर एक ठेका पर लिए हुए खेत के कोठा में रखा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए करोड़ा रोड़ भाणा स्थित एक खेत कोठा पर दबिश देकर खेत कोठा के सामने चारपाई पर सो रहे युवक भाणा निवासी प्रवेश को काबू कर लिया गया। जांच दौरान खेत कोठा से 156 बोतल अंग्रेजी शराब व 804 बोतल बीयर सहित कुल 960 बोतल शराब बरामद हुई। जो उपरोक्त शराब बारे प्रवेश कोई दस्तावेज व परमिट नहीं दिखा सका आरोपी के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके आरोपी को ए एस आई सुभाष चंद द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया की दूसरे मामले में चौकी महमूदपुर प्रभारी ए एस आई राजेश कुमार व एसपीओ कुलविंद्र सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत गांव चाबा स्थित एक शराब ठेका पर दबिश देकर बिना कोई लाइसेंस व परमिट के शराब बेच रहे आरोपी समाना जिला पटियाला पंजाब निवासी सतनाम सिंह को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 142 बोतल देशी, 12 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 24 बोतल बीयर सहित 178 बोतल शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# अरोड़ा बिरादरी को एकजुट करने के मकसद से अरोड़ा महासभा ने शुरु किया महाभियान

फाजिल्का, 15 जून (बख्शीश सिंह/ जसप्रीत सिंह) अरोड़ा बिरादरी को संगठित कर समाज की एकता और विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से अरोड़ा महासभा पंजाब की ओर से एक राज्यव्यापी अभियान शुरू किया जा रहा है। पंजाब प्रधान कमलजीत सेतिया के दिशा निर्देश में इस अभियान के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में अरोड़ा बिरादरी के लोगों को जागरूक कर एक मंच पर लाने हेतु बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस सिलसिले में नगर सुधार ट्रस्ट के फाजिल्का पूर्व चेयरमैन और अरोड़ा महासभा के प्रांतीय सचिव एडवोकेट मोहिंदर प्रताप ढींगड़ा के निवास स्थान पर एक अहम बैठक



आयोजित की गई, जिसमें अरोड़ा महासभा पंजाब के सचिव गुरप्रीत सिंह बब्बर जलालाबाद से विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों श्री अरोड़ वंश वेलफेयर सोसाइटी के फाउंडर प्रधान ओर अरोड़ा महासभा के उपप्रधान इंजी बाबू लाल अरोड़ा, श्री अरोड़वंश वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान अरुण वधवा, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र अरोड़ा आदि ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए महासभा के सचिव गुरप्रीत सिंह बब्बर ने कहा कि अरोड़ा बिरादरी की संख्या अधिक होते हुए भी समाज में एकता का अभाव है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि व्यक्तिगत स्वार्थों को त्याग कर बिरादरी के लोग संगठित हों और एक मजबूत मंच पर एकत्रित होकर समाज के हित में कार्य करें। उन्होंने बताया कि महासभा की प्राथमिकता बिरादरी को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है।

# पुलिस व नशा तस्करों की मुठभेड़ के बीच बड़ा हादसा, इलाके में दहशत

अमृतसर 15 जून (निस) पंजाब मे एक बार फिर पुलिस व नशा तस्करों के बीच मुठभेड़ की सूचना मिली। इस दौरान दोनों तरफ से फायरिंग के दौरान एक राहगीर की मौत होने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार अमृतसर में अटारी के निकट गांव नेष्टा में बीती देर रात नाकाबंदी के दौरान नशा तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से राहगीर की मौत हो गई। पुलिस ने मौके से 5 किलो हेरोइन बरामद की है, जबकि आरोपी युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पुलिस अधिकारी डीएसपी लखविंदर सिंह कलेर ने बताया कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि 2 युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर नशा लेकर अटारी से गांव नेष्टा की तरफ आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर घरिंडा थाने की पुलिस ने नाकाबंदी कर दी। इस दौरान नाकाबंदी देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की और खेतों में एक लिफाफा फेंक दिया। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो आरोपियों ने पुलिस पर पिस्तौल से फायरिंग कर दी।इस फायरिंग के दौरान तरनतारन जिले के गांव नेष्टा में अपने रिश्तेदारों से मिलने आए गुरजीत सिंह बिल्ला नामक राहगीर को गोली लग गई। उसे तुरंत अमृतसर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। डीएसपी लखविंदर सिंह कलेर ने बताया कि दोनों युवकों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने मौके पर मिले लिफाफे की जांच की तो उसमें से करीब 5 किलो हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## विवाहिता ने 18 साल बाद लगाया ससुराल वालों पर गंभीर आरोप, मामला दर्ज

लुधियाना 15 जून (निस) थाना वुमन सैल की पुलिस के पास 2024 को घरेलू हिंसा की शिकार राजविंद्र कौर ने अपनी शादी के 18 वर्ष बाद अपने ससुराल वालों के खिलाफ उसे दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करने के जों गंभीर आरोप लगाएं थे। उसकी जांच थाना वुमन सैल पुलिस के अफसरों द्वारा जांच करने पर जांच अधिकारी सुरिंद्र कुमार ने पीड़िता के पति मोहन सिंह निवासी दिल्ली के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। घरेलू हिंसा की शिकार राजविंद्र कौर निवासी सलेम टाबरी ने बताया कि उसकी शादी मोहन सिंह के साथ 2007 को हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही मेरे ससुराल वालों ने मुझे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।

## पंजाब पुलिस ने बीकॉम के छात्र को गिरफ्तार किया, लोगों को करता था ब्लैकमेल

मोहाली 15 जून (निस) पंजाब पुलिस द्वारा एक क्ष्टश्द्व के छात्र को गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। घटना काफी हैरानीजनक है। जानकारी के मुताबिक छात्र लोगों की फोटो एडिट करके उन्हें ब्लैकमेल करके ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी छात्र की पहचान अभय कुमार प्रसाद (उम्र 22) निवासी पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के रूप में हुई जोकि कलकत्ता यूनिवर्सिटी से बी.कॉम कर रहा था। इसके साथ वह सेना में भर्ती की तैयारी भी कर रहा था। इस मामले में कार्रवाई बठिंडा साइबर थाना पुलिस ने की है। पुलिस ने छात्र को रोहतक से गिरफ्तार कर लिया है।

# जिले में बढ़ती गुंडागर्दी एवं आपराधिक वारदातें बनी चिंता का विषय-संत जगदीश

फाजिल्का, 15 जून (बख्शीश सिंह/ जसप्रीत सिंह) देशभर में प्राकृतिक चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में तीन दशकों से समर्पित जीवन व्यतीत कर रहे संत जगदीश मुनि जी महाराज ने जिले में तेजी से बढ़ती आपराधिक घटनाओं और गुंडागर्दी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने फाजिल्का के समीप मंडी लाधूका में एक प्रतिष्ठित व्यापारी पर दिन दिहाड़े हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना न केवल समाज में कानून-व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करती है, बल्कि इससे आम नागरिकों और व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल भी बन गया है।संत जगदीश मुनि जी महाराज ने कहा कि हाल ही में मंडी लाधूका क्षेत्र में फाजिल्का के एक व्यापारी पर कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े हमला किया गया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, लेकिन घटना के 24 घंटे बीत जाने के



बावजूद अपराधी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और व्यापारी वर्ग समेत आमजन में भी भारी रोष व्याप्त है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।संत जगदीश मुनि जी महाराज ने कहा कि जिले में जिस प्रकार से अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं, वह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। अगर अब भी जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सजग नहीं हुआ तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं प्रशासन से अपील करता हूं कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और कानून का भय समाज में पुनः स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को सुरक्षा देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इस जिम्मेदारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। संत जगदीश मुनि जी महाराज ने केवल प्रशासन पर ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक जागरूक नागरिक से भी आह्वान किया है कि वे ऐसे अपराधों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि अपराध केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं होता, वह पूरे समाज के ताने-बाने को कमजोर करता है। यदि हम आज चुप रहे, तो कल हममें से कोई भी सुरक्षित नहीं रहेगा। संत जी ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे हिंसा और अपराध के मार्ग पर चलने की बजाय शिक्षा और सेवा

# जालंधर के दुग्गल वेज रेस्तरों पर हमले के मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

जालंधर 15 जून (निस) मिलाप चौक स्थित दुग्गल वेज रैस्टोरैंट पर कुछ अज्ञात उपद्रवियों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले दौरान न केवल रैस्टोरेंट में तोड़फोड़ की गई, बल्कि दुकान मालिकों पर गंभीर रूप से हमला भी किया गया। इस मामले में सख्त एक्शन लेते हुए 2 निहंग सिखों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सौरव राय निवासी अमृतसर औरसौरव उर्फ सोनू निवासी कपूरथला के रूप में हुई है। इस संबंधी जानकारी देते हुए डीसीपी मनप्रीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि मामले में गहराई से जांच चल रही है। अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए तलाश चल रही है। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीसीपी ने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं जाएगी। आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन होगा। आपको बता दें कि, इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। अब 2 अन्य निहंग सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं इस घटना के बाद से पूरे व्यापारी वर्ग में भारी रोष है। ट्रेडर्स फोरम के संस्थापक सदस्यों ने पीड़ित से मुलाकात करने के बाद रोष प्रदर्शन किया और कहा कि अगर पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो जालंधर बंद का आह्वान किया जाएगा। वहीं एडीसीपी ने नरेश डोगरा ने आज शाम तक हमलावरों को गिरफ्तार करने की बात कही थी।

# संक्षिप्त समाचार

## नाबालिगा के साथ दरिंदगी के हदें पार, पूरी रात लड़की को रखा अपने घर...

लुधियाना 15 जून (निस) करियाने की दुकान चलाने वाले एक शख्स ने 16 साल की नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर अपनी हवस का शिकार बना डाला। लड़की घर पहुंची तो सारी घटना की जानकारी मां को दी। जिसके बाद पीड़ित परिवार थाना दरेसी पहुंचा ओर सीधे थाना प्रभारी से मिलकर घटना की जानकारी दी।पुलिस ने तुरंत कारवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद रेड कर आरोपी को धर दबोचा। आरोपी की पहचान समीर पुत्र हरीश निवासी गली न 2, कंडे वाली गली, काराबार रोड़ के रुप में हुई है। पीड़िता की मां ने बताया कि वह काराबार रोड़ स्थित इलाके में एक किराये के कमरे में रहते है। करीब 3 दिन पहले उसकी 16 वषीर्य बेटी करियाने का सामन लेने के लिए गई। जो कि अगले दिन घर वापिस लौटी। बेटी ने रोते हुए बताया कि करियाना की दुकान चलाने वाला समीर उसको खाना पीने का लालच देकर अपने घर ले गया। जहां उसके साथ समीर ने जबरदस्ती शारीरिक सबंध बनाए।

## इंग्लैंड में रहने वाले पंजाबी व्यक्ति का शव पहुंचा कपूरथला

कपूरथला 15 जून (निस) यूके (इंग्लैंड) से दुखद खबर आई है। एक पंजाबी व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक की पहचान वरिंदर सिंह (45) पुत्र तरसेम सिंह निवासी मोहल्ला मेहरियां सुल्तानपुर लोधी जिला कपूरथला के रूप में हुई है। वे दो बहनों का इकलौता भाई था और करीब 15 साल पहले उज्ज्वल भविष्य और अच्छे रोजगार की तलाश में इंग्लैंड पहुंचा और हेस शहर में रह रहा था। जानकारी के अनुसार सिंह एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखता था और मेहनतकश व्यक्ति था। वे पिछले 15 सालों से हेस शहर में रह रहा था और काम करके परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। जानकारी के अनुसार 19 मई को काम करते समय वरिंदर को अचानक दौरा पड़ा। जिसके बाद उसके साथी कर्मचारियों ने एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 23 मई को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। वरिंदर शादीशुदा था और उसके दो बेटे हैं। वह बुजुर्ग पिता का इकलौता सहारा था और दो बहनों का इकलौता भाई था। पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति वरिंदर पर ही निर्भर थी। उसकी अचानक मौत से परिवार गहरे सदमे में है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उसका अंतिम संस्कार के लिए उनके पार्थिव शरीर को सुल्तानपुर लोधी स्थित उनके पैतृक घर लाया गया। जहां अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## शि. अकाली दल ने संयुक्त संसदीय कमेटी से अनुच्छेद 356 भंग करने की सिफारिश करने का आग्रह किया

चंडीगढ़ 15 जून (निस) शिरोमणी अकाली दल ने आज संयुक्त संसदीय कमेटी से अनुच्छेद 356 को समाप्त करने की सिफारिश करने का आग्रह किया है,क्योंकि देश में एक साथ चुनाव कराने में रास्ते में सबसे बड़ी रूकावट है। डॉ. दलजीत सिंह चीमा और स. बलविंदर सिंह भूंदड़ की अगुवाई में शिरोमणी अकाली दल प्रतिनिधिमंडल ने जेपीसी को बताया कि यदि अनुच्छेद 356 को भंग नही किया गया तो चुनाव कार्यक्रम को फिर से बाधित होगा।प्रतिनिधिमंडल ने अनुच्छेद 82ए क्लाज 5 को शामिल करने का भी विरोध किया , जो जेसीआई को विधानसभा के चुनावों को स्थगित करने का अधिकार देता है।'' इसका दुरूपयोग विपक्षी दलों के खिलाफ कभी भी किया जा सकता है।''

# निगम में करोड़ों के कार्य बने भ्रष्टाचार का कारण, जेई एवं एसडीओ को तलब किया

जालंधर 15 जून (निस) नगर निगम जालंधर में बिना टैंडर के करोड़ों रुपए के कामों को करवाने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ विजिलेंस विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर रखी है। बीते दिनों स्टेट विजिलेंस ब्यूरो द्वारा नगर निगम के बिल्डिंग विभाग में छापेमारी करके भ्रष्टाचार के आरोप में ए.टी.पी. सुखदेव वशिष्ठ, इंस्पैक्टर हरप्रीत कौर और आम आदमी पार्टी के विधायक रमन अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद अब जांच का दायरा और तेज कर दिया गया है। आज विजिलेंस टीम ने नगर निगम के बी. एंड आर. (बिल्डिंग एंड रोड्स) और ओ.एंड एम. (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) सैल से जुड़े जूनियर इंजीनियर्स (जेईज) और सब डिविजनल ऑफिसर्स (एसडीओज) को अपने ऑफिस में बुलाकर बिना टैंडर करवाए गए कामों के संबंध में पूछताछ की। ये वो अधिकारी हैं जिन्होंने सिर्फ सैंक्शन के आधार पर पिछले तीन वर्षों में करोड़ों रुपए के कामों के एस्टीमेट तैयार किए और उन्हें चुनिंदा ठेकेदारों को देकर अंजाम तक पहुंचाया।

**चुनिंदा ठेकेदारों से करवाए गए करोड़ों के काम**-विजिलेंस की जांच का मुख्य फोकस पंजाब सरकार का ट्रांसपेरेंसी एक्ट 2022 है, जिसके तहत नगर निगम कमिश्नर को आपात स्थिति में 5 लाख रुपए तक के काम बिना टैंडर के, केवल कोटेशन के आधार पर करवाने का अधिकार है। लेकिन आरोप है कि इस प्रावधान का दुरुपयोग करते हुए बड़े स्तर पर फर्जी और गैर-जरूरी कामों को सैंक्शन के आधार पर पास किया गया, जिससे चहेते और चुनिंदा ठेकेदारों को अनुचित लाभ मिला। विजिलेंस ने नगर निगम कार्यालय से बिना टैंडर हुए सैकड़ों कामों की लिस्ट और संबंधित दस्तावेज अपने कब्जे में ले रखे हैं। खास बात यह है कि विजिलेंस द्वारा पहले रिकार्ड इकट्ठा किए जाने के बाद भी निगम में सैंक्शन से जुड़ी कुछ फाइलों की पेमैंट की

# पूर्व सैनिक क्रांतिकारी संघ पंजाब इकाई ने गांव नलास में बैठक की

राजपूरा 15 जून (कबोज) आज पूर्व सैनिक क्रांतिकारी संघ पंजाब इकाई राजपुरा द्वारा अध्यक्ष हरचंद सिंह के नेतृत्व में राजपुरा के गांव नलास खुर्द में पूर्व सैनिकों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई।



इस बैठक में सभी गांवों व शहरों में रहने वाले पूर्व सैनिक व महिलाएं शामिल हुईं। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए अध्यक्ष वेटरन रणजीत सिंह खरोला ने बताया कि आज की बैठक में नेताओं ने विभिन्न बिंदुओं पर अपने विचार साझा किए। हमारे पूर्व सैनिक क्रांतिकारी संघ का मुख्य कार्य लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि यह संघ पूर्व सैनिकों को आने वाली समस्याओं का समाधान करता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी पूर्व सैनिक को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वह हमारे संघ से संपर्क कर सकता है। इस अवसर पर गांव नलास खुर्द के सरपंच अमनदीप सिंह सैनी ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पूर्व सैनिकों की यह बैठक हमारे गांव में हुई है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश के सैनिकों पर गर्व है क्योंकि हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए सैनिक धूप-छांव की परवाह किए बिना हमारी रक्षा करते हैं। जिस देश का किसान और सैनिक मजबूत हो, वही देश तरक्की के रास्ते पर चल सकता है। इस अवसर पर गांव की पंचायत ने दूर-दूर से आए पूर्व सैनिकों का धन्यवाद किया।

# ग्रामीण चौकीदार सभा का सम्मेलन सम्पन्न, 9 जुलाई को होगा विशाल प्रदर्शन

**बरवाला, 15 जून ( प्रवीन कुमार ):** केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को जिला उपायुक्त कार्यालय पंचकूला में होने वाले विशाल प्रदर्शन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में 15 जून को हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा, जिला पंचकूला का सम्मेलन बरवाला स्थित सीटू कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता गफूर मोहम्मद ने की, जबकि मंच संचालन देवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव लच्छी राम, ग्रामीण चौकीदार




सभा के राज्य प्रधान बाबू राम, राज्य महासचिव कली राम विशेष रूप से मौजूद रहे। सम्मेलन में पंच सदस्यीय जिला कमेटी का गठन भी किया गया, जिसमें बलकार सिंह को जिला प्रधान, सरवन सिंह को सचिव, गफूर मोहम्मद को कोषाध्यक्ष, देवेंद्र सिंह को उपप्रधान और ग्रोवर सिंह को सहसचिव नियुक्त किया गया। सीटू के जिला सचिव लच्छी राम ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूरों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। नए चार लेबर कोड मजदूर विरोधी हैं और इनके खिलाफ सीटू व उससे जुड़े तमाम संगठनों का विरोध जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गरीब परिवारों के नाम पर गाड़ियां दिखाकर राशन कार्ड काटे जा रहे हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर 9 जुलाई को पंचकूला उपायुक्त कार्यालय पर एक विशाल प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें जिलेभर के चौकीदार, मजदूर और आमजन भाग लेंगे। लच्छी राम शर्मा ने सभी से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

# स्कूलों में पंजाबी विषय को अनिवार्य विषय बनाने पर विष्णु गार्डन जगाधरी गुरुद्वारा साहिब में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर को किया गया सम्मानित

**यमुनानगर, 15 जून ( दिनेश कुमार ):** जगाधरी शहर में विष्णु गार्डन स्थित गुरुद्वारा साहिब में सिख समाज द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर को सम्मानित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर भाजपा की पिछली सरकार में जिस समय तत्कालीन शिक्षा मंत्री थे उन्होंने उस समय पंजाबी विषय को स्कूलों में अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने के आदेश दिए थे जिससे पूरे हरियाणा प्रदेश में सिख समाज में खुशी की लहर थी।स्कूलों में पंजाबी विषय को अनिवार्य विषय बनाने पर विष्णु गार्डन जगाधरी गुरुद्वारा साहिब में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर को सम्मानित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने उपस्थित सभी सिख समाज के भाईयों का धन्यवाद करते हुए बताया कि हरियाणा प्रदेश में पंजाबी भाषा को अनिवार्य विषय के रूप में लागू करवाना ओर उनके शिक्षा मंत्री रहते कक्षा 6 से कक्षा 8 में सिख धर्म के गुरु साहिब जी का इतिहास , इतिहास के पाठ्यक्रम में शामिल करवाया । स्कूल में भारत के महापुरुषों व गुरुओं का इतिहास शामिल करवाने से हमारे विधार्थियों को अपने महापुरुषों पर गर्व की अनूभूति होती है व उन्हें अपने इतिहास की सच्चाई का पता चलता है कि हमारे गुरुओं ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान किया है। इस दौरान सविंदर सिंह, सुरमुख सिंह, जसविंदर सिंह, कुलजीत सिंह, परदुमन सिंह लाड्डी,गुरुचरण सिंह ,प्रद्युमन सिंह सहगल,मनविंदर सिंह ,हरविंदर सिंह , डाक्टर गोपाल , भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, राहुल गढ़ी, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग सहित बहुत से लोग साथ रहें।

# सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा हरित भारत, हरित धरा अभियान के तहत पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ पर कार्यक्रम आयोजित

**कुरूक्षेत्र,15 जून ( सुदेश कुमार ):** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आई हेट पॉलिथीन मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वनिता ढींगरा व प्रो. प्रोमिला ने कहा की प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए, यह हमारा कर्तव्य है कि हम पॉलिथीन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। सभी को इस मुहिम में एकजुट होकर योगदान देना होगा, तभी हम पॉलिथीन के उपयोग को पूरी तरह समाप्त कर पाएंगे। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के ट्रस्टी विवेक शर्मा ने उपस्थित सभी महिलाओं को पॉलिथीन का उपयोग न करने को कहा की हमे अपने दैनिक जीवन मे खुद भी व पड़ोस मे रहने वाले सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने के प्रति जागरुक करना है। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल व वालंटियर जय कुमार ने वहां पर उपस्थित सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई की हम यह शपथ




लेते हैं कि आज के बाद अपने घर में पोलीथीन का प्रयोग नहीं करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि अपनी दिनचर्या में पोलीथीन का प्रयोग न करके एक दिन अपने वातावरण को पॉलीथिन मुक्त कर देंगे। सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व संगठन सचिव नरेश शर्मा ने बताया की सेवा ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पॉलिथीन के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से हरियाणा के दस जिलों में अभियान चलाने का संकल्प लिया, ताकि समाज को प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। सेवा ट्रस्ट थानेसर के कोऑर्डिनेटर राजेश सैन व सुमंत सैनी ने कार्यक्रम मे आए हुए सभीजन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में सेवा ट्रस्ट द्वारा अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से सभी महिलाओं को डाबर रियल जूस व अन्य सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर तेजस मित्तल, नीरू देवी, सुनीता देवी, मीना, रेखा, वॉलंटियर अक्षय जैन व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# खेलने से बच्चों का होता है मानसिक व शारीरिक विकास

वैश्विक स्तरपर भारत की संस्कृति और सभ्यता जिसमें बच्चों के पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है, को हजारों लाखों वर्षों पुरानी होने की बातें प्रिंट मीडिया में चलती रहती है, स्वाभाविक रूप से गिली-डंडा खो-खो, लंगडी, कांचे सहित अनेकों पारंपरिक खेल जो हमने अपने बचपन में खेले थे,वे कई पीढियां से चलते आ रहे हैं,जो आदि अनादि काल का ही होंगे। परंतु आज इनका वजूद शायद मिटने की ओर, यानें विलुप्तता की ओर बढ़ चला है, हालांकि कबड्डी व ?ो-?ो को कुछ हद तक प्रतिसाद मिलते रहते हैं परंतु बाकी खेलों को शायद नहीं मिलता। मेरा मानना है कि जब हमारे माननीय पीएम व गृहमंत्री, आज जब मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग तक पढ़ाई मातृभाषाओं में लागू कर दिया है जिसका उल्लेख माननीय गृहमंत्री ने 9 जून 2025 को तमिलनाडु में एक संबोधन में भी किया। बोलचाल, उनकी लिपियों को संरक्षित रखने की शानदार शुरुआत कर चुके हैं तो, मेरी इस आर्टिकल के माध्यम से अपील है कि अनेकों पौराणिक खेलों की सूची बनाकर उनमें से उचित खेलों को राष्ट्रीय परिपेक्ष में कन्वर्ट करने का संज्ञान लेना समय की मांग है। वर्तमान डिजिटल युग में हम अपनी परंपराओं पौराणिक खेलो सभ्यता की विलुप्तता महसूस कर रहे हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पूरी दुनियाँ 11 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रही है, यह दिवस दुनिया भर में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का प्रतीक है,क्योंकि खेल केवल मनोरंजन नहीं होता, बल्कि यह बच्चों को सहयोग,नेतृत्व,समस्या समाधान और रचनात्मकता जैसे जीवन के आवश्यक कौशल सिखाता है।तकनीक के बढ़ते प्रभाव और पढ़ाई के बढ़ते दबाव के कारण बच्चों का खेल समय सीमित होता जा रहा है। ऐसे में यह दिन सभी को याद दिलाता है कि खेल बच्चों के समग्र विकास के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि शिक्षा। बच्चों को खेलने के लिए प्रोत्साहन देने उनको सुरक्षित करने इन खेलों का लाभ देने के लिए मनाया जाता है,जिससे बच्चों को शारीरिक मानसिक सामाजिक विकास पूरी गति के साथ हो सके इन पुराने खेलों को सुरक्षित कर उन्हें बढ़ावा देने के लिए एक सरकारी प्लेटफार्म बनाया जाए ताकि उनका लाभ बच्चों को दिया जा सके इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बच्चों के खेलने से उनके



शारीरिक मानसिक तथा सामाजिक विकास में तेजी से बढ़ावा होता है। साथियों बात अगर हम बच्चों के जीवन में खेलों के महत्व की करें तो,अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 11 जून को मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के खेल के महत्व को उजागर करने और उनके शारीरिक,मानसिक तथा सामाजिक विकास में खेल की भूमिका को पहचानने के उद्देश्य से मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिन बच्चों को उनके बचपन का मूल अधिकार, खेल सुनिश्चित करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।खेल एक बेहतर दुनिया बनाता है।11 जून 2025 को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस, खेल को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और प्राथमिकता देने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, ताकि सभी लोग, विशेष रूप से बच्चे, इसके लाभों का लाभ उठा सकें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें।महज मनोरंजन से परे, खेल सभी उम्र के लोगों द्वारा बोली जाने वाली एक सार्व भौमिक भाषा है, जो राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक सीमाओं से परे है। यह साझा जुनून समुदाय और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देता है।यह व्यक्तियों में लचीलापन, रचनात्मकता और नवाचार को भी बढ़ावा देता है। विशेष रूप से बच्चों के लिए, खेल संबंध बनाने और नियंत्रण में सुधार करने, आघात से उबरने और समस्या- समाधान में मदद करता है। यह बच्चों को संज्ञानात्मक,शारीरिक, रचनात्मक, सामाजिक और भावनात्मक कौशल विकसित करने में मदद करता है, जिनकी उन्हें तेजी से बदलती दुनिया में पनपने के लिए आवश्यकता होती है।खेलने के अवसरों को सीमित करना सीधे तौर पर बच्चे की भलाई और विकास में बाधा डालता है। शैक्षिक सेटिंग्स में, खेल-आधारित शिक्षा को छात्रों को सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए एक प्रभावी दृष्टिकोण के रूप में मान्यता दी गई है। यह सीखने को अधिक आनंददायक और प्रासंगिक बनाने में मदद करता है, जिससे प्रेरणा और जानकारी को बनाए रखने में वृद्धि होती है।इसके अलावा, खेल को सहिष्णुता, लचीलापन को बढ़ावा देने और सामाजिक समावेशन ,संघर्ष की रोकथाम और शांति निर्माण को सुविधाजनक बनाने पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाला माना जाता है । इसे मान्यता देते हुए, बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन ने अनुच्छेद 31 के तहत खेल को हर बच्चे के मौलिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित किया है ।यह



अंतर्राष्ट्रीय दिवस वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर खेल के महत्व को बढ़ाने के लिए एक एकीकृत क्षण बनाता है। सामुदायिक सेटिंग्स में खेल को एकीकृत करने के लिए नीतियों, प्रशिक्षण और वित्तपोषण के लिए आह्वान करता है। साथियों बात अगर हम खेलों का बच्चों के जीवन में अतिमहत्वपूर्ण स्थान होने की करें तो, बच्चे खेल के माध्यम से सबसे अच्छा सीखतेहैं।खेल विकासके सभी क्षेत्रोंबौद्धिक सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक - में शक्तिशाली सीखने के अवसर पैदा करते हैं।

# एकल परिवार में बच्चों के सहायक बन जाते हैं पेटस

आजकल एकल परिवार हैं। ऐसे में बढ़ती महंगाई और खर्चों के कारण अब माता-पिता दोनों काम करते हैं और इस कारण उन्हें ज्यादातर समय घर से बाहर ही रहना पड़ता है। ऐसे में देखा गया है कि बच्चे, विशेषकर अकेला बच्चा, खुद को अकेला और उपेक्षित महसूस करता है। ज्यादातर मामलों में अभिभावक अपने बच्चों के साथी के तौर पर पालतू जानवरों पसंदीदा (पेट्स) को रखते हैं।



एक पालतू जानवर बच्चे के भाई-दोस्त या परिवार के सदस्य की जगह नहीं ले सकता, पर यह बच्चे के खालीपन को जरूर भर सकता है। जब बच्चा किसी पेट के साथ बड़ा होता है, तो वह कई चीजें सीखता है।

ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को मजबूत बनना सिखाते हैं। लेकिन जब एक बच्चा घर में किसी पेट के साथ बड़ा होता है तो वह ज्यादा संवेदनशील होना सीखता है। वह इनके बीमार होने पर दर्द समझता है। पेट्स के साथ वक्त बिताने का एक अन्य फायदा यह होता है कि बच्चे ज्यादा सतर्क रहना सीख जाते हैं। वह जान जाते हैं कि कब उसे भूख लगी है।

पालतू जानवरों की देखभाल करते वक्त केयरिंग, संवेदनशील और चौकन्ना रहने की जरूरत होती है और पेट्स के साथ वक्त बिताते हुए बच्चे कम उम्र में ही इन खूबियों को अपने अंदर ढाल लेते हैं।

पेट्स के साथ बड़े होने का एक अन्य फायदा है कि इससे बच्चे जिम्मेदार बनना सीखते हैं।

पेट्स का साथ बच्चों को जिम्मेदार बनना सिखाता है क्योंकि वह अपने प्यारे पेट की सभी जरूरतों का ख्याल रखते हैं। यदि बच्चे को उसके पेट्स के खाने, घुमाने और डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने जैसी जिम्मेदारी दे दी जाएं, तो वह अपने काम को सही तरीके से अंजाम देते हैं।

बच्चों को जिंदगी और मौत की अवधारणा के बारे में समझाना बहुत मुश्किल होता है। पेट्स के साथ रखकर उन्हें जिंदगी और मौत के चक्र के बारे में बताया जा सकता है।

एक अभिभावक होने के नाते आप अपने पालतू जानवर के जीवन का हर पड़ाव देखते हैं। आप उसके बचपन से लेकर उसे बड़ा होते हुए और फिर वृद्धावस्था में जाने के बाद उसकी मृत्यु को भी देखते हैं। उनकी यह जिंदगी और मौत हमें इंसान के जीवन के पूरे चक्र के बारे में बताते हैं।

अपने साथ पेट्स को रखना अपने अच्छे दोस्त को घर पर रखने जैसा होता है। घर में रहने वाला पेट्स न सिर्फ घर में सभी के लिए तनाव दूर करने वाला बनता है बल्कि आपके बच्चों को रचनात्मक रूप से व्यस्त भी रखता है।

पेट्स की देखभाल करते हुए बच्चे दयालु, निस्वार्थ, केयरिंग और जिम्मेदार बनना सीखते है। घर में रहने वाले पेट्स आपके बच्चे को सही और आसान तरीके से बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं।

# तुलना से बच्चों में आती है हीनभावना

कई बार अभिभावक दूसरे बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर कभी-कभी अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से कर बैठते हैं। उनको इसका भान नहीं होता कि उनके इस रवैये का प्रभाव आपके बेटी-बेटे के नाजुक मानस पटल पर कितना हानिकारक प्रभाव पड़ता है। वह हीनभावना का शिकार हो जाता है जिससे वह सारी जिंदगी उभर नहीं पाता। पड़ोसी की बेटी ज्यादा अंक परीक्षा में ले ले तो आपको अपनी बेटी को कम नहीं समझना चाहिए। अपने बच्चों को आगे बढने की प्रेरणा प्रोत्साहन जरूर दें लेकिन दूसरों से



उनकी तुलना मत करें। हर व्यक्ति का आई क्यू, स्वभाव, रासायनिक एवं जैविक रचना अलग-अलग होती है। हर बच्चे का स्वभाव अलग होता है। दो व्यक्ति एक जैसे कभी नहीं हो सकते। सभी बच्चों का स्वभाव अलग होता है। बच्चों को समझ कर, उनकी प्रतिभा जिस क्षेत्र में है यह जानकर उसे उस क्षेत्र में मेहनत करने का प्रोत्साहन दें? माता-पिता बच्चे के लिए भगवान से बढ़कर होते हैं। एक मां सौ शिक्षकों से बढ़कर होती है। जीवन का पहला संगीत मां की लोरी होती है। माता-पिता और बच्चों में पीढ़ी का अंतर तो होता ही है फिर भी समझदार मां-बाप को यथा समय इस अंतर को कम कर देना चाहिए। बच्चों से उनके जवान होने पर मित्रवत व्यवहार करें। बच्चों के गुणों की प्रशंसा करें, उनकी कमियों को प्यार से उन्हें बताकर दूर करने का प्रयास करें। हर बच्चा प्रकृति का अनुपम प्रसाद है। माता-पिता और अध्यापकों का उसके व्यक्तित्व विकास में बहुत योगदान होता है। हर बच्चा अपना अलग स्वभाव रखता है। उसकी प्रतिभा पहचान कर उसे उसी रूप में ढालने का प्रयत्न करें। उसकी दूसरों के साथ तुलना मत करें। उसको डांट फटकार कर हतोत्साहित मत कर दें जिससे फिर वह जिंदगी में उठ ही न सके। इससे कई बार निराश हो कर बच्चे अवसाद का शिकार तक हो जाते हैं। यहां तक कि खुदकुशी तक कर लेते हैं, इसलिए हालत को समझकर ही उन्हें समझायें।

# बच्चों को अनुशासन के नियम घर से ही सिखाएं

बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए उनमें अनुशासन का भाग जगाना भी जरुरी है। इसलिए उसे प्यार देने के साथ ही थोड़ी बहुत सख्ती भी जरुरी है। इससे बच्चा सही और गलत का अंतर कर सकता है। इसलिए बच्चा अगर कभी भी अनुशासन तोड़ता है तो उसके सजा देना भी जरुरी है ताकि वह अपनी गलती समझ सके। हां यह सजा ज्यादा कठिन नहीं होनी चाहिये।



यदि आप चाहते हैं कि बच्चे के साथ संबंध बेहतर बनाए रहते हुये, संयम के साथ, कैसे उसे अनुशासित किया जाये, तो बस आपको कुछ अपाय करने होंगे।

अपने बच्चे को स्वाभाविक परिणामों के बारे में शिक्षा दीजिये। अपने बच्चे को उसके बुरे व्यवहार के स्वाभाविक परिणामों के संबंध में समझा कर आप उससे होनी वाली निराशा की जानकारी दे सकते हैं और उसे बता सकते हैं कि उसका बुरा व्यवहार उसे दुखी कर सकता है जिससे उसे पछतावा होगा। कठिन परिस्थितियों में से उसे निकालने के स्थान पर, बच्चे को उसके नकारात्मक कृत्यों से स्वयं ही निबटने दीजिये। स्वाभाविक परिणामों को समझने के लिए, बच्चे को कम से कम छः वर्ष का होना चाहिए।

यदि बच्चा कोई खिलौना तोड़ देता है या वह उसे धूप में छोड़ कर नष्ट कर देता है, तब एकदम उसे नया खिलौना मत दिलवाइए। बच्चे को कुछ समय तक बिना खिलौने के रहने दीजिये, और उससे बच्चा अपनी चीजों की ठीक से देखभाल करना सीख जाएगा। बच्चे को जि़म्मेदारी की शिक्षा दीजिये। यदि बच्चा अपना गृहकार्य टीवी देखने के कारण नहीं कर पाया है तो उसका गृहकार्य पूरा कराने में उसकी मदद करने के स्थान पर, बच्चे को बुरे ग्रेड से उत्पन्न होने वाली निराशा का सामना करने दीजिये।

यदि बच्चे को अपने बुरे व्यवहार के कारण किसी पार्टी में नहीं निमंत्रित किया गया है, तब उसे यह समझ में आने दीजिये कि यदि उसका व्यवहार उस बच्चे के साथ कुछ और होता तब उसे निमंत्रित किया जा सकता था।

अपने बच्चे को तर्कसंगत परिणामों की शिक्षा दीजिये। तर्कसंगत परिणाम वे परिणाम होते हैं जो आप के अनुसार बच्चे के बुरे व्यवहार के परिणामस्वरूप उत्पन्न होंगे। इनको सीधे सीधे बच्चे के व्यवहार से सम्बद्ध होना चाहिए ताकि बच्चा, भविष्य में उनको नहीं करने की शिक्षा प्राप्त कर सके। हर प्रकार के बुरे व्यवहार का तर्कसंगत परिणाम होना चाहिए, और परिणाम समय से पहले ही बता दिये जाने चाहिए।

यदि बच्चा अपने खिलौने संभाल कर नहीं रखता है तब उसे एक सप्ताह तक खिलौने न दें। यदि आप बच्चे को टी वी पर कुछ गैरजरुरी कार्यक्रम देखते हुये पाएँ तो एक सप्ताह के लिए टी वी की सुविधा बंद कर दीजिये।

यदि बच्चा अच्छा व्यवहार नहीं करता तो उसे अपने मित्रों के साथ मत खेलने जाने दीजिये। इससे उसे सबक मिलेगा।

अपने बच्चे को सकारात्मक अनुशासन विधियों की शिक्षा दीजिये- सकारात्मक अनुशासन बच्चे के साथ कार्य की ऐसी विधि है, जिसके अनुसार इस प्रकार के सकारात्मक निष्कर्ष पर पहुँचने में सहायता मिलती है जिससे कि बच्चा समझ सके कि बुरे व्यवहार के परिणाम क्या होंगे और वह भविष्य में उनसे बच सके। बच्चे को सकारात्मक रूप से अनुशासित करने के लिए आपको बच्चे के साथ बैठ कर उसके बुरे व्यवहार के संबंध में चर्चा करनी चाहिए और क्या क्या जा सकता है इस पर विचार करना चाहिए।

बच्चे को पुरस्कृत करने की प्रणाली भी निर्धारित करिए- पुरस्कृत करने की पद्धति भी निर्धारित की जानी चाहिए, ताकि सकारात्मक व्यवहार के सकारात्मक परिणाम भी हो सकें। भूलिए मत कि अच्छे व्यवहार को सुदृढ़ करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना बुरे व्यवहार को अनुशासित करना। बच्चे को यह दिखाने से कि, ठीक व्यवहार कैसे किया जा सकता है, उसको यह समझने में सहायता मिलेगी कि उसे क्या नहीं करना चाहिए।

भाषण न दें - ये पद्धतियाँ न केवल प्रभावहीन होती हैं, बल्कि इनके कारण आपका बच्चा आपसे नाराज़ हो कर आपकी उपेक्षा भी कर सकता है तथा आपके शब्दों और कृत्यों से उसे मानसिक और शारीरिक आघात भी लग सकता है।

# पर्यावरण अध्ययनः स्कूली बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक जरुरी

**- प्रोफेसर ( डॉ. ) राकेश राणा**

**पुस्तक समीक्षा -चौथी कक्षा के लिए पाठ्यपुस्तक**

पर्यावरण को बच्चे अपने परिवेश के समग्र रुप में देखते है। पर्यावरण उनके लिए कोई औपचारिक विषय नहीं है बल्कि मोहक और खुला प्राकृतिक प्रांगण है। चौथी कक्षा के बच्चों के लिए राष्ट्रय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्] नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तक ऋपर्यावरण अध्ययन: आस-पासऋ प्राकृतिक और सामाजिक घटकों को समग्र रुप में बाल मस्तिष्क में निरुपित करती है। पर्यावरण अध्ययन से जुड़े ऐसे विषयों/उपविषयों को पुस्तक प्रस्तुत करती है जो बाल मन के स्वभाविक रुप से करीब है। ताकि बच्चों के जहन में पाठ प्राकृतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्षों को सूक्ष्मतर और प्रभावी परिवेश में उभार सके और बच्चे स्व:स्फूर्त ढ़ंग से पर्यावरण के प्रति अपनी सोच-समझ व विचार बना सके। पर्यावरण अध्ययन जैसे विषय को बच्चों के बीच गंभीर एवं रुचिकर बनाने की अपनी चुनौतियां है। कक्षा में इस काम को करना और भी दुरुह कार्य है एक शिक्षक के लिए। क्यांकि किसी कक्षा का जो अपना बहुसांस्कृतिक स्वरुप होता है उसमें हर बच्चें को संबोधित करना कि कैसे सबको महत्व मिले? यही एक अच्छे शिक्षक की सफल भूमिका निर्वहन की कसौटी भी है। पर्यावरण अध्ययन जैसे सरल लगने वाले कठिन विषयों का पाठ्यपुस्तकों में प्रस्तुतीकरण उस राष्ट्रय वैविध्य के साथ विद्यालयी शिक्षा में कसे समाहित होद्म हमारे समाज की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधताओं के साथ जाति] धर्म] लिंग] क्षेत्र] भाषायी और भौगोलिक स्थितियों का समावेशन कैसे होद्म बच्चों को इन स्वभाविक-आवश्यक भिन्नताओं के प्रति संवेदनशील कैसे बनाया जाएद्म इन गंभीर मुख्य मुददों को पाठ्यपुस्तकों सहित शिक्षकों को अपने अध्यापन कौशल में साधने की मशक्कत करने की आवश्यकता है।

बच्चों को पर्यावरण पढ़ाने वाली यह पुस्तक पाठ्यक्रम को छ: उपविषयों में वर्गीकृत करती है। भोजन] पानी] आवास] परिवार] मित्रगण और यात्रा-भ्रमण एवं विभिन्न वस्तुओं का बनना/बिगड़ना। इस बाल-केन्द्रित पाठ्य सामग्री का असली उददेश्य रटने की प्रवृत्ति के परे ले जाकर धारणाओं/अवधारणाओं/परिभाषाओं को महत्व न देकर सृजनात्मक उथल-पुथल बच्चों के दिमाग में पैदा करना है। ऐसे विषयों की जानकारी देना तो सरल है पर बाल-मन में प्रकृति के प्रति अनुराग पैदा करना एक पुनीत अकादमिक दायित्व है। बच्चों को समस्त जीव जगत के लिए संवेदनशील बनाना वास्तविक चुनौती है। जिससे उनमें सच्ची समझ बने। बच्चें स्वयं अपने विचार प्रकट करने को उत्कंट हो। अपने आस-पास के प्रति सजग और उत्सुक बने। पुस्तक की पाठ्य सामग्री बखूबी इस काम को करती दिखती है। बाल कविताएं] किस्से-कहानियां] पहेलियां] नाटक] हंसी-खुशी के संवाद और क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं पैदा करती हुई पाठ्य सामग्री पर्यावरण की प्रभावी परख कराती है। बच्चें कहानियों] यात्राओं] हास्य संवादों और कौतुहलता से ज्यादा आसानी से सीखते है। पुस्तक की पाठ्य सामग्री को उसकी भाषा शैली भी सरल और सुग्राहय बनाती है क्यांकि बच्चों की सामान्य बोल-चाल की भाषा में पुस्तक पर्यावरण के पाठ को आगे बढ़ाती है।



पुस्तक पर्यावरण अध्ययन का मानवीय गतिविधियों के माध्यम से अपने आस-पास के परिवेश में परिचय कराती है। कक्षा के इतर कुछ करके पर्यावरण की पहचान करना] अपने आस-पास का आंकलन अवलोकन के आधार पर करना] उस प्राकृतिक प्रांगण के साथ जुड़ाव महसूस करना जो समस्त जीवों के जीवन का आधार है। पर्यावरण पढ़ाने के लिए बच्चों को सुनने-बोलने से ज्यादा देखने के अभ्यास कराने आवश्यक है। अवलोकन के अभ्यास बच्चों को प्रकृति के प्रति प्रेम से भर देंगें। बच्चों को नदियों-तालाबों, बाग-बगीचों, पेड़-पौधों और प्राकृतिक परिदृश्यों की परख उस दृष्टा भाव से करनी सिखानी होगी जो उन्हें सौंदर्य-बोध के आहलाद के अलावा उस सत्यम-शिवम् की भी समझ में समावेश करने का कौशल सिखाए जो भारतीय भाव पर्यावरण की संवेदनशीलता के साथ जुड़ा है। जिसमें वैज्ञानिक आख्याएं आस्थाओं को अलग नहीं करती है। वह गंगा की जल धारा को जीवन आधार के आगे जीवन दायिनी माँ भी मानता है। पर्यावरण की ऐसी समग्र समझ ही समस्त जीव-जगत के लिए कल्याणकारी बन सकती है। ऐसे प्रयास पुस्तक में जगह-जगह अवलोकन के विभिन्न कौशलों के साथ आजमाने वाले अभ्यासों में दिखते है। पुस्तक विद्यालयी शिक्षा को स्थानीय ज्ञान से जोड़ने का उद्यम परिवेश से जोड़ने के साथ करती है। यह शिक्षक के अध्यापनीय कौशल पर ज्यादा तय करेगा कि कैसे पुस्तकीय पाठ्य सामग्री को स्थानीय परिवेश में प्रवेश कराए। पुस्तक में बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु ढ़ेरों गतिविधियां है चित्र-कार्टून] खोज-प्रयोग] वर्गीकरण-चिन्हीकरण] वाद-संवाद] अंतर-समरुपता] लिखना-पढ़ना और अवलोकन के अभ्यास जो अवसर देते है] समझ को खोलने का, कुछ नया सृजन करने का और बच्चों को अपने ढ़ंग से कुछ रचने का। बच्चें जब स्वयं निर्णय लेकर कुछ भी सही-गलत करते है तो वे कुछ नया रचते है] उनमें क्रियात्मक कौशल का विकास होता है। ऐसे अभ्यासों से उनकी रचनात्मकता उभरेगी] उनका रचना-कौशल और सौन्दर्य-बोध विकसित होगा। जब वे समूह में बातचीत करेगें तो अपने-अपने अवलोकनों को आपस में जोड़ना सीखेंगें। भाषायी विकास का अवसर मिलेगा और सबके अवलोकन एक साथ जुड़कर जिस अंर्तदृष्टि का विकास बच्चों में करेंगें] वही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की हिमायती होगी।

पाठ्यपुस्तक का अनूठापन इसमें भी है कि पर्यावरण की परिवेशीय समझ के विस्तार हेतु समाज की मदद कैसे लेनी है, बच्चों को ये गुर भी किताब सुझाती है। बच्चे अपने परिजनों] समुदाय के लोगों] मित्रों-सहयोगियों] समाचारपत्रों तक अपनी जिज्ञासाओं का इजहार करे। सबसे प्रकृति की पहेलियों पर बात करे। ब्रहमांड के रहस्यों पर रह-रह कर विचार करे। समूह में मिलकर पर्यावरण की परख के प्रयास करे। समूह आनंद का एक सैसर्गिक स्त्रोत है। समूह में जब बच्चों की प्रशंसा होती है तो वे अतिरिक्त आनंदानुभूति का अनुभव करते है। इस पूरे पराक्रम को सफलतापूर्वक करते हुए पुस्तक चित्रों को विशेष तरजीह देती दिखती है क्योंकि चित्र पर्यावरणीय विषय-वस्तु की लिखित बातों का प्रतिबिंबन करने में अहम् भूमिका निभाते है।

# बीजना गांव में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का हुआ अनावरण

## असंध से विधायक योगेंद्र राणा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह ने महाराणा प्रताप को बताया अजेय योद्धा





**करनाल, 15 जून ( संदीप रोहिला ):** शौर्य, वीरता ,संघर्ष और बलिदान की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा गांव बीजना में लगाई गई जिसका अनावरण असंध से विधायक योगेंद्र राणा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा, राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गुरदीप बीजना और समस्त गांव वासियों की ओर से आए हुए अतिथियों का सम्मान का सूचक पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। राजस्थान से पहुंचे मशहूर गायक नुसरत खान ने महाराणा प्रताप की वीरता से ओत प्रोत गीत गाकर उनके शौर्य को लोगों के सामने प्रस्तुत किया। विधायक योगेंद्र राणा सोहन सिंह राणा डॉक्टर एनपी सिंह सतीश राणा केरवाली, विक्रम राणा पधाना, प्रदीप राणा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव बीजना के वासियों की ओर से चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की है इसके लिए गांव वासी बधाई के पात्र हैं। महाराणा प्रताप जी की गांव-गांव में प्रतिमाएं स्थापित हो रही है ताकि उनसे आने वाली पीढ़ी प्रेरणा ले सके। इतिहासकारों और लेखकों ने हमारे इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया जिसके चलते हमारे शूरवीरों के पराक्रम को कम करके दिखाया गया। महाराणा प्रताप ऐसे अजेय योद्धा रहे हैं जिन्होंने अपने जीवन में अनेक लड़ाइयां लड़ी और जीती। उन्होंने जीवन भर संघर्ष किया लेकिन सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं किया जिसके चलते उनको आज भी वीर शिरोमणि कहा जाता है। 29 मई को गांव सालवन में महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई जिसमें 50 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए रास्ते पर चलने की बात कही। इस अवसर पर राजपूत सभा के महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा दविंदर सरपंच अमृतपुर गोविंद सरपंच अमृतपुर खुर्द शेखर कालरम श्रीपाल परमजीत राणा जगदीश राणा मेहर सिंह राजेंद्र राणा जिला पार्षद दिलबाग राणा जिला पार्षद संग्राम सिंह सलवान के सरपंच जयवीर फौजी विनोद राणा गोंदर, चरणजीत, प्रवीण मुनक सहित काफी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।

# ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नई दिल्ली में केन्द्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल से की मुलाकात

## विज ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल से अंबाला से चण्डीगढ के बीच मैट्रो रेल लाईन बिछाने/संचालित करने का किया आग्रह



**अंबाला, 15 जून ( कवलजीत सिंह भल्ला ):** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज केन्द्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान विज ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल से अंबाला से चण्डीगढ के बीच मैट्रो रेल लाईन बिछाने/संचालित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चण्डीगढ में यूटी प्रशासन है और पंजाब व हरियाणा की राजधानी भी है। इस विषय पर दोनों मंत्रियों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने इस विषय पर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन विज को दिया है। मुलाकात के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए विज ने बताया कि अंबाला-चंडीगढ़ सड़क पर अब यातायात बहुत ज्यादा हो गया है। चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश होने के साथ-साथ हरियाणा व पंजाब की राजधानी भी है जहां से सैकड़ों लोग रोज आते-जाते हैं। इसलिए लोगों की सुविधा के लिए इस क्षेत्र में मैट्रो रेल सेवा की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंबाला-चण्डीगढ सडक मार्ग पर बहुत भीड रहती है और प्रतिदिन सैकडों यात्रियों को आवागमन इन दोनों शहरों के बीच रहता है। उन्होंने बताया कि सडक के अलावा अन्य वैकल्पिक आवागमन सुविधा भी यात्रियों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सैकडों-लाखों लोगों का नुमाइंदा होने के नाते मैं अपनी मांग उचित अधिकारियों तक पहुंचा रहा हूं और मुझे पता है कि मेरी बात को नजरअंदाज नहीं किया जाता है।

**राज्य में अधिकतम बिजली के ट्रांसफार्मरों का अगमेंटेशन का कार्य हो चुका है :** पत्रकारों द्वारा गर्मियों में बढती बिजली की मांग व बिजली के कट के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि आमतौर पर बिजली की मांग के अनुसार ट्रांसफार्मर नहीं होते है जिससे कई बार बिजली आपूर्ति बाधित होती है। इसलिए जब से वे ऊर्जा मंत्री बने हैं तभी उन्होंने राज्य के सभी बिजली के ट्रांसफार्मरों के सुदृढीकरण (अगमेंटशन) के लिए निर्देश अधिकारियों को दिए थे और सभी ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि व बदलने का कार्य किया जा रहा है जिनमें से अधिकतम ट्रांसफार्मरों का अगमेटेशन हो चुका हैं।

**हिसार व पानीपत में नई थर्मल यूनिटों को किया जाएगा स्थापित :** उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुनानगर में एक थर्मल यूनिट का शिलान्यास किया है। इसके अलावा, हिसार व पानीपत में नई थर्मल की यूनिटों को स्थापित किया जाएगा और न्यूक्लियर पावर प्लांट भी स्थापित किया जा रहा हैं।

# अर्श गांधी की सफलता से चमका करनाल, नीट परीक्षा में 51 विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**करनाल, 15 जून ( संदीप रोहिला ):** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी 2025) में करनाल के मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी



मेहनत और मार्गदर्शन के बल पर एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। इस परीक्षा में अर्श गांधी ने अखिल भारतीय रैंक 11 प्राप्त कर न केवल करनाल, बल्कि पूरे हरियाणा का नाम रोशन किया है। अर्श गांधी 4 सालों तक आकाश एजुकेशनल के क्लासरुम का हिस्सा रहें हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेस से जुड़े 51 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्तीर्ण होकर करनाल को गौरवान्वित किया है। इनमें तरुणाय भधाना (रैंक 2278), तुषार (रैंक 2557) और पावनी (रैंक 9290) जैसे अन्य विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने बताया, आकाश संस्थान की सुव्यवस्थित तैयारी प्रणाली, विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन और लगातार आयोजित अभ्यास परीक्षाओं ने हमारी सफलता सुनिश्चित की। इस अवसर पर संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सुरेंद्र चौहान ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, उनके अभिभावकों के सहयोग और हमारे शिक्षकों के समर्पण का सुफल है। इसके अतिरिक्त, वरिष्ठ सहायक निदेशक शेखर शुक्ला, समूह प्रमुख अक्षत शर्मा, तथा शाखा प्रमुख विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# हांसी हल्के के घिराय गांव में बनेगी भव्य धर्मशाला

## विधायक विनोद भयाना ने धर्मशाला के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ, बोले इसी साल बन कर तैयार होगा धर्मशाला भवन



**हांसी, 15 जून ( मनमोहन शर्मा ):** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि पूरे क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं ताकि लोगों को अधिक से अधिक सहूलियत मिल सके। भयाना को घिराय गांव में धर्मशाला भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत ग्रामीणों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इस धर्मशाला का निर्माण कार्य इसी वर्ष पूरा हो जाएगा। धर्मशाला भवन के निर्माण कार्य पर लगभग 50 लाख रुपए की धनराशि खर्च आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक समिति द्वारा 21 लाख रुपए की धनराशि इस भवन के प्रथम चरण के निर्माण कार्य पर खर्च की जाएगी। ग्रामीणों ने रखी थी धर्मशाला निर्माण की मांग॰ विधायक ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के कुछ लोग मिले थे और उन्होंने गांव के जोधा पाना में धर्मशाला भवन बनवाने की मांग रखी थी। उसी समय ग्रामीणों की मांग को स्वीकार कर लिया गया था और उन्हें आश्वस्त किया गया था कि जल्द ही धर्मशाला भवन का निर्माण शुरु करवाया जाएगा। आज इस भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है और बहुत ही जल्द इस धर्मशाला का निर्माण कार्य पूरा करवा कर ग्रामीणों की मांग को पूरा किया जाएगा। विधायक बोले कोई और कार्य है तो बताएं, हर कार्य को करवाने के लिए करेंगे हर संभव प्रयास॰ धर्मशाला के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के बाद विधायक ने काफी समय ग्रामीणों से बातचीत की, इस दौरान लोगों ने अपनी व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याओं को रखा। विधायक ने कहा कि लोगों द्वारा रखी जाने वाली समस्या छोटी हो या बड़ी, व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गांव के विकास को लेकर किसी और विकास कार्य की आवश्यकता है तो बताएं। गांव के लोगों द्वारा जिस भी कार्य को करवाने का दायित्व दिया जाएगा उसे पूरा करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव ,पंचायत समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव, घिराय गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप बुरा,बीडीसी सदस्य कुलदीप बुरा,रणबीर मास्टर, ईश्वर सिंह ,कैप्टन राजवीर सिंह, रामचंद्र तथा विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा , रॉकी, कृष्ण कर्मवीर, दीपक सुलतानपुर तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# संगोही के पूर्व सरपंच अंग्रेज सिंह सैनी बने सर्वसम्मति से सैनी समाज के प्रधान

## प्रधान अंग्रेज सिंह सैनी बोले : सभी को साथ लेकर करूंगा समाज हित में काम



**इंद्री, 15 जून ( बिशपाल राणा ):** सैनी समाज के लोगों की एक मींटिग सैनी भवन में आयोजित हुई जिसमें संगोहा निवासी अंग्रेज सिंह सैनी को सर्वसम्मित से सैनी सभा इन्द्री का प्रधान चुना गया। यह मींटिग निरंजन सिंह सैनी व अमर सिंह सैनी की अध्यक्षता में की गई। इस मौके पर सैंकड़ों की संख्या में समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे। नवनियुक्त प्रधान अंग्रेज सिंह सैनी का फूलमालाएं ड़ालकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान अंग्रेज सिंह सैनी ने कहा कि समाज ने उनको जो यह जिम्मेवारी सौंपी है उसको वो पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाने का काम करेगें। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी समाज ने उनको आल इंडिया़ सैनी समाज सभा का उपप्रधान बनाया था ओर उस पद पर रहते हुए भी मैनें सभी को साथ लेकर समाज के विकास के लिए काम किया था। अंग्रेज सिंह सैनी ने कहा कि इन्द्री के सैनी भवन को नया बनाने की समाज की मांग है जिसके लिए वो पूरा प्रयास करेगें। प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी मिलकर समाज की मांग को पूरा करने का काम किया जाएगा। युवाओं को अपील करते हुए सैनी ने कहा कि युवाओं को आगे आकर समाज के हित के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो शीघ्र की अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेगें। इस मौके पर नवनियुक्त उपप्रधान जगमाल सिंह व बलबीर सिंह ने भी समाज का आभार जताते हुए समाज के विकास के लिए काम करने की बात कही। समाजसेवी महिन्द्र सैनी ने कहा कि 1980 से सैनी सभा इन्द्री द्वारा सर्वसम्मति से प्रधान को चुना जाता रहा है ओर आज भी सर्वसम्मति से अंग्रेज सिंह सैनी को प्रधान बनाया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा। उन्होंने सभी वर्गो को साथ लेकर समाज के हित में काम करने की बात कही।

# श्री ब्राह्मण सभा की नवगठित कार्यकारिणी ने सदस्यों के साथ विधायक और सांसद से औपचारिक भेंट की



**पिजौंर, 15 जून ( अजीत सिंह/ अख्तर फारूकी ):** श्री ब्राह्मण सभा एचएमटी पिंजौर कालका की नवगठित कार्यकारिणी ने सभी कार्यकारिणी के सदस्यों सहित कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा एवं राज्यसभा से सांसद कार्तिकेय शर्मा से औपचारिक भेंट की। इस अवसर पर कार्यकारिणी के सदस्यों ने विधायक एवं सांसद का पुष्प गुच्छ देकर और माता रानी की चुनरी भेंट करके आभार व्यक्त किया। कार्यकारिणी ने सभा के विभिन्न मुद्दों को लेकर सांसद और विधायक से विस्तार से चर्चा की । इस मौके पर चेयरमैन रामफल वत्स, प्रेसिडेंट नवदीप शर्मा (नब्बी) ,जनरल सेक्रेटरी विशाल गौतम शैली, वाईस प्रेसिडेंट राजेंद्र मेहता, वाईस प्रेजिडेंट विनोद शर्मा, कैशियर नवीन शर्मा, स्टोर कीपर सुशील शर्मा, सेक्रेटरी फतेह सिंह ,सेक्रेटरी राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# थाना बुढ़िया की पुलिस टीम ने एक युवक को 17.60 ग्राम हेरोइन (स्मैक) सहित किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 15 जून ( दिनेश कुमार ):** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के निर्देशानुसार जिला पुलिस का नशा तस्करों पर प्रहार लगातार जारी है। इसी कड़ी में कार्य करते हुए थाना बुढ़िया की पुलिस टीम ने एक युवक को 17.60 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना प्रबंधक नर सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति पंच पीर बुढ़िया के पास नशीले पदार्थ के साथ घूम रहा है। इस सूचना पर उप निरीक्षक जसविंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम नवीन, जयपाल, मुख्य सिपाही ललित,विमल, मनजीत की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौका पर जाकर एक युवक को काबू किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी राजीव मिगलानी को बुलाया गया। जिनके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसमें से 17.60 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुआ। पूछताछ में जिसकी पहचान मोबिन उर्फ बाजा पुत्र अब्दुल माजीद निवासी बुढ़िया के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रबंधक नर सिंह ने बताया कि आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन मुकदमे मुकदमे दर्ज है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक ने पूरी दुनिया को बुरी तरह से जकड़ रखा है, इससे मुक्ति जरूरी : संगीता

**नीलोखेड़ी, 15 जून ( सुरेश कुमार मिड्ढा ):** सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान को जन जन तक पहुंचाने के लिए डोर टू डोर अभियान चलाया गया। प्रेरक नरेश कुमार व संगीता रानी ने कहा कि यह अभियान सचिव अजित कुमार व प्रधान श्रीमती सनमीत कौर के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक ने पृथ्वी को पूरी तरह से जकड़ रखा है। प्लास्टिक के बहुत सारे नुकसान है। सबसे प्रमुख समस्या यह है कि यह पर्यावरण के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है। यह समूद्र और भूमि में प्रदूषण का कारण बनता है समूद्र में फैंके गये प्लास्टिक से जलीय जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और भूमि को बंजर बना देता है। यह गलनशील नहीं है। यह ना तो गलता है और ना ही सड़ता है। प्रेरकों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इसके पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान को नजरंदाज करना खतरनाक है।

# बरवाला में बिजली संकट गहराया : तीन-तीन घंटे की कटौती से लोग बेहाल, जल्द समाधान न हुआ तो होगा प्रदर्शन

**बरवाला, 15 जून ( प्रवीन कुमार ):** तेज गर्मी और उमस के बीच बरवाला क्षेत्र में बिजली की बार-बार हो रही कटौती ने लोगों को भारी परेशानियों में डाल दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दिनभर में कई बार तीन-तीन घंटे की कट लग रही है, और जब बिजली आती भी है तो महज 10 मिनट के लिए ही आती है, इसके बाद फिर घंटों के लिए गायब हो जाती है। लोगों ने आरोप लगाया कि जब बिजली विभाग के जेई या एसडीओ से संपर्क किया जाता है तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। सुरिंदर वर्मा ने बताया कि यदि बिजली की यही स्थिति बनी रही तो पानी की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी और बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग अधिक प्रभावित होंगे। स्थानीय नागरिक गोपाल, दीपू, अनिल, मनोज, रामू, अभिषेक, मनीष आदि ने बताया कि बरवाला के अलावा बतौड़ और कॉलोनी क्षेत्रों में भी बिजली व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। लेकिन प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। विश्कर्मा कॉलोनी के निवासियों ने भी बताया कि जिस ट्रांसफार्मर से उनकी कॉलोनी को सप्लाई मिलती है, उस पर लोड बहुत अधिक है। इसके चलते रात को वोल्टेज बेहद कम हो जाती है, जिससे पंखे, कूलर और अन्य उपकरण काम नहीं करते। इससे नींद पूरी नहीं हो पाती और लोग मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे बिजली बोर्ड कार्यालय के बाहर धरने और प्रदर्शन के लिए मजबूर हो जाएंगे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से कटौती बंद की जाए और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर बिजली आपूर्ति नियमित की जाए।

